www.epaper.azadsipahi.com
* ओड़िशा संस्करण
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
04 अक्टूबर, 2022
आश्विन, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
मंगलवार, वर्ष 07, अंक 344

### शुभकामनाएं

सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंटों, हॉकरों, शुभचिंतकों, झारखंड एवं समस्त देशवासियों को आजाद सिपाही परिवार की ओर से शारदीय नवरात्र और विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

प्रबंधक

### छुट्टी की सूचना

शारदीय नवरात्र और विजयादशमी के अवसर पर आजाद सिपाही का कार्यालय 4 और 5 अक्टूबर 2022 को बंद रहेगा। इसलिए अखबार का अगला अंक 7 अक्टूबर 2022 (शुक्रवार) को प्रकाशित होगा।

प्रबंधक

SURJABASHA

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IX[th]
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301




## या देवी सर्वभूतेषु, मातृ रूपेण संस्थिता...



महाअष्टमी को रांची के दुर्गाबाटी में मां का अलौकिक रूप।

### संघ सरकार्यवाह ने बेरोजगारी, गरीबी और आय में बढ़ती असमानता पर चिंता जतायी

# एक फीसदी लोगों के पास देश की 20 फीसदी संपत्ति: होसबाले

- संघ सरकार्यवाह ने कहा, गरीबी राक्षस, 20 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर-कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने एक कार्यक्रम में देश में बढ़ती बेरोजगारी, गरीबी और आय में बढ़ती असमानता पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी खत्म करने के लिए सरकार को जल्द से जल्द प्रयास करने चाहिए। हालांकि, होसबाले ने यह भी कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए पिछले कुछ वर्षों में कई कदम उठाये गये हैं।

होसबाले संघ से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच (एसजीएम) द्वारा आयोजित एक वेबिनार में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की शीर्ष एक प्रतिशत आबादी के पास देश की आय का पांचवां (20%) हिस्सा है। साथ ही देश की 50% आबादी के पास देश की आय का केवल 13 प्रतिशत हिस्सा है। वहीं, बाकी 50% लोगों के पास 87% इनकम है, जो सही नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें इस बात का दुख होना चाहिए कि 20 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं और 23 करोड़ लोग प्रतिदिन 375 रुपये से भी कम कमा रहे हैं। गरीबी हमारे सामने राक्षस जैसी चुनौती है। होसबाले ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि इस दानव को खत्म किया जाये।



### बेरोजगारी दर घटाने पर काम हो

आरएसएस नेता ने कहा कि गरीबी के अलावा असमानता और बेरोजगारी, दो चुनौतियां हैं जिनसे निपटने की आवश्यकता है। देश में चार करोड़ बेरोजगार हैं, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 2.2 करोड़ और शहरी क्षेत्रों में 1.8 करोड़ बेरोजगार हैं। श्रम बल सर्वेक्षण में बेरोजगारी दर 7.6 प्रतिशत बतायी गयी है। हमें रोजगार पैदा करने के लिए न केवल सेंट्रल लेवल पर बल्कि लोकल लेवल पर भी स्कीम बनाने की आवश्यकता है।

# उम्मीद हो रही पानी-पानी...

- बीते दो साल कोरोना ने मारा, इस बार बारिश दे रही दगा
- छोटे-छोटे व्यापारियों, ठेला-खोमचा वालों के लिए आफत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उम्र-35 साल। कोरोना संकट ने नौकरी छीनी। गुजर बसर के लिए छोटे-छोटे काम करना शुरू किया। परिवार की माली स्थिति ठीक नहीं। दुर्गा पूजा में कुछ कमाई की उम्मीद जगी। पूजा पंडाल के बाहर एक दुकान के लिए जगह तय की। मित्रों से कुछ रुपये उधार लिये। पूजा पंडाल वाले को जगह के लिए 11 हजार रुपये चंदा दिया। चावमीन, छोले-भटूरे और कोल्ड ड्रिंक्स आदि की दुकान खोली। इन चीजों को बनाने के लिए रसोइये को रखा। इस पर भी खर्च आया। पर हाये री किस्मत इस वर्ष बारिश दगा दे रही। यह किसी फिल्म या कहानी की स्क्रीप्ट नहीं है। यह दीपाटोली (बांधगाड़ी) के पास एक स्टॉल लगाने वाले युवा की सच्चाई है। ऐसे कई युवा, ठेला-खोमचा लगाने वाले गरीब लोग, छोटे-मोटे व्यापारी हैं, जिनके चेहरे पर दुर्गापूजा के पहले की खुशी धीरे-धीरे मलीन हो रही है। पंडाल के बाहर खाने-पीने की चीजों के अलावा सड़क किनारे बैलून छोटे-छोटे खिलौने व अन्य सामान भी लेकर बेचने वालों की तादाद कम नहीं रहती है। सड़क पर चादर बीछा कर खिलौना बेचने वाले रोहित कुमार ने बताया कि सुबह से केवल 70 रुपये का एक खिलौना बेचा है। तीन हजार रुपये कर्ज लेकर यह सामान लाया था।

### पंडाल में लोग तो आ रहे, लेकिन मस्ती पर पानी फिरा

बीते दो साल से कोरोना की वजह से दुर्गा पूजा फीकी थी। इस बार कोरोना लगभग समाप्त हो गया है। छोटे-छोटे कारोबार से जुड़े लोग, ठेला-खोमचा, स्टाल लगाने वाले एक उम्मीद के साथ सामान सजाने लगे। पर इस बार बारिश आफत बनी हुई है। ऐसा नहीं है कि लोग नहीं पहुंच रहे। बारिश छूटने या कम होने पर लोग पंडाल देखने पहुंच रहे। पंडाल देखने रात के तीन बजे भी लोगों को आते हुए देखा गया। बारिश की वजह से खाने-पीने की मस्ती, या खरीदारी पर पानी फिर रहा। क्योंकि बारिश दोबारा आने और हर तरफ पानी-पानी हो जाने की वजह से लोग कम टिक रहे। बस पंडाल देख कर वहां से निकलने की जल्दबाजी में रहते हैं। राज्य के कई जिलों में पिछले तीन दिन से सारा दिन रूक-रूक कर बारिश हो रही है। मौसम के पूर्वानुमान में अगले दो दिन बारिश के आसार हैं। यानी नवमी और दशमी को भी बारिश की संभवना है। इसे देखते हुए ठेला-खोमचा और स्टॉल लगाने वालों के चेहरे धीरे-धीरे मायूस हो रहे।

## स्वीडन के सावंते पाबो को मिला नोबेल पुरस्कार



**स्टॉकहोम (एजेंसी)।** स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में नोबेल प्राइज वीक 2022 शुरू हो गया है। मेडिसिन कैटेगरी का पुरस्कार स्वीडन के सावंते पाबो को दिया गया है। उन्हें यह प्राइज जीनोम और मानव विकास से संबंधित रिसर्च के लिए दिया गया है। सावन्ते का जन्म स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में 1955 में हुआ। फिलहाल वो जर्मनी के मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट ऑफ इवॉल्यूशन एंथ्रोपोलॉजी से जुड़े हैं। इसके अलावा ओकिनावा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी जापान का भी हिस्सा हैं। नोबेल प्राइज वीक 10 अक्टूबर तक चलेगा। 7 दिन में कुल 6 प्राइज अनाउंस होंगे।

# भारत को मिला स्वदेशी लड़ाकू हेलिकॉप्टर 'प्रचंड'

आजाद सिपाही संवाददाता

**जोधपुर।** भारत ने 22 साल पहले जो सपना देखा था, वह अब पूरा हो गया है। इतने सालों की मेहनत के बाद एयरफोर्स को सोमवार को स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (एलसीएच) मिल गया है। इसकी कैनन से हर मिनट 750 गोलियां दागी जा सकती हैं।

### रक्षा मंत्री ने उड़ान भरी

नवरात्र में अष्टमी के दिन प्रचंड एयरफोर्स के बेड़े में शामिल हुआ। राजनाथ सिंह ने इस हेलिकॉप्टर में उड़ान भरी। उन्होंने कहा कि प्रचंड को वायुसेना में शामिल करने के लिए नवरात्र से अच्छा समय और राजस्थान की धरती से अच्छी जगह नहीं हो सकती है। यह भारत का विजय रथ है। एलसीएच सारी चुनौतियों पर खरा उतरा है। दुश्मनों को आसानी से चकमा दे सकता है। इसके नाम के साथ भले ही लाइट जुड़ा हो, लेकिन इसका काम भारी है।



### इन ताकतों की वजह से है ये प्रचंड

रक्षा मंत्री की मौजूदगी में जोधपुर एयरबेस पर 10 हेलिकॉप्टर वायु सेना में शामिल किये गये। प्रचंड को 22 सालों की मेहनत के बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने तैयार किया है। इसकी खासियतों की वजह से ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे 'प्रचंड' नाम दिया है। प्रचंड स्क्वाड्रन के लिए 15 पायलट को ट्रेनिंग दी गयी है। यह हेलिकॉप्टर तपते रेगिस्तान, बर्फीले पहाड़ों समेत हर कंडीशन में दुश्मनों पर हमला करने का माद्दा रखता है। इसकी कैनन से हर मिनट में 750 गोलियां दागी जा सकती हैं। यह एंटी टैंक और हवा में मारने वाली मिसाइलों से भी लैस किया जा सकता है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 04 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


## सर्वे : कांग्रेस का वनवास अभी खत्म होने के आसार नहीं, केजरीवाल भी औंधे मुंह गिरेंगे

# एबीपी और सी वोटर सर्वे: फिर गुजरात में मोदी का डंका


राकेश सिंह

## दरअसल गुजरात और मोदी एक दूसरे के पर्याय बन चुके हैं

## कभी माफिया लतीफ के खौफ ने भाजपा को सत्ता दिलायी

## आज जन-जन के दिलों में राज कर रही है मोदी और शाह की जोड़ी

**आजाद सिपाही विशेष**

**गुजरात विधानसभा चुनाव का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर फुल एक्शन मोड में उतर चुके हैं। उन्होंने गुजरात की विकास परियोजनाओं के लिए सौगातों की बौछार लगा दी है। वैसे तो गुजरात में भाजपा और कांग्रेस दो ही दल सत्ता में रहे हैं, लेकिन इस बार आम आदमी पार्टी भी चुनाव मैदान में ताल ठोक रही है। देखा जाये, तो देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस ने गुजरात पर लंबे समय तक राज किया है, लेकिन अपने कर्मों से पार्टी पिछले 27 सालों से सत्ता से बेदखल है, जबकि राज्य का गठन 1 मई 1960 को हुआ था। इसके बाद से आपातकाल के दौर को छोड़ कर 1990 तक गुजरात में कांग्रेस का ही शासन रहा। 1962 से अब तक कुल 13 विधानसभा चुनाव हो चुके हैं, जिसमें कुल सात बार कांग्रेस की सरकार रही है। 1995 में पहली बार भाजपा ने गुजरात में जीत का स्वाद चखा था। भाजपा की तरफ से केशुभाई पटेल पहले मुख्यमंत्री बने। उन दिनों केशुभाई पटेल ने यह नारा दिया था कि आप वोट देने जाओ तो लतीफ को मत भूलना। यह नारा खूब चर्चाओं में रहा था। उन दिनों माफिया डॉन अब्दुल लतीफ का गुजरात में खौफ था। वहीं बीजेपी ने वादा किया था कि वह सत्ता में आते ही गुजरात को माफिया राज से मुक्ति दिलायेगी। भाजपा को गुजरात की सत्ता में बने रहने का फॉर्मूला मिल चुका था, तो वहीं कांग्रेस सत्ता का वनवास खत्म करने के लिए अभी भी प्रयासरत है। फिर 2001 में गुजरात की सत्ता की कमान दी जाती है नरेंद्र मोदी के हाथ में। उसके बाद वहां न तो भाजपा, न ही नरेंद्र मोदी कभी पीछे मुड़ कर देखे। मोदी-शाह की जोड़ी ने गुजरात की ऐसी घेराबंदी कर राखी है कि कोई भी दल वहां पनप नहीं पा रहा है। फ्री वाले खैरात का फार्मूला लेकर पहुंचे अरविंद केजरीवाल भी गुजरात के रण में कूद पड़े हैं, लेकिन इतना तय है कि उनके उम्मीदवारों की जमानत जब्ती में रिकॉर्ड बनने वाला है। राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सी वोटर और एबीपी न्यूज ने एक सर्वे किया है। ओपिनियन पोल में बीजेपी की जोरदार वापसी होती हुई दिख रही है। सी-वोटर के सर्वे में जहां बीजेपी को धमाकेदार बढ़त हासिल होती हुई दिख रही है, तो वहीं, कांग्रेस को पिछले चुनाव के मुकाबले बड़ा नुकसान होने का अनुमान है। आम आदमी पार्टी भी मुश्किल से ही खाता खोलती हुई दिखाई पड़ रही है। क्या है सर्वे में और कैसे गुजरात में भाजपा ने जीत का अजेय फार्मूला निकाल लिया है बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

गुजरात विधानसभा चुनाव की घड़ी नजदीक आ चुकी है। राज्य में इस साल के अंत में चुनाव होनेवाले हैं, जिसके मद्देनजर बीजेपी, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी समेत सभी दल मैदान में उतर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह भी गुजरात का दौरा कर चुके हैं। उधर, राज्य में पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ने जा रही आम आदमी पार्टी भी काफी उत्साहित दिख रही है। राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सी वोटर और एबीपी न्यूज ने एक सर्वे किया है। ओपिनियन पोल में भाजपा धमाकेदार रूप से वापसी करती हुई दिख रही है। वहीं कांग्रेस को पिछले चुनाव के मुकाबले बड़ा नुकसान होने का अनुमान है। सर्वे में गुजरात की कुल 182 विधानसभा सीटों में से बीजेपी 135-143 सीटों पर कब्जा करते हुए दिख रही है। सर्वे में पार्टी को बड़ा बहुमत मिलने का अनुमान जताया गया है। ओपिनियन पोल में कांग्रेस को महज 36-44 सीटें ही दी गयी हैं। पिछले चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी के बीच में करीबी का मुकाबला था और कांग्रेस पार्टी को 77 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। हालांकि, बाद में कई विधायकों ने पार्टी से नाता तोड़ लिया था। इस सर्वे में आम आदमी पार्टी न तीन में न तेरह में है, लेकिन इतना जरूर है कि वो सत्ताधारी पार्टी बीजेपी की तुलना में कांग्रेस को जबरदस्त नुकसान पहुंचा रही है। आम आदमी पार्टी को 0-2 सीटें मिलने का अनुमान है।

### किसे कितना वोट शेयर

सर्वे में सवाल किया गया था कि विधानसभा चुनाव में राजनीतिक पार्टियों का वोट शेयर क्या होनेवाला है? जवाब से तो यही पता चला है कि आंकड़ा बीजेपी के पक्ष में जाता हुआ दिखाई दे रहा है। ओपिनियन पोल में बीजेपी को 47 प्रतिशत वोट शेयर मिल रहा है। वहीं, कांग्रेस के खाते में 32 फीसदी वोट शेयर जाता हुआ दिख रहा है। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी फायदे के साथ 17 फीसदी वोट हासिल करते हुए दिख रही है, जबकि चार प्रतिशत अन्य के खाते में जाता दिख रहा है। आंकड़ो पर नजर डालें तो केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की वजह से बीजेपी को थोड़ा नुकसान हो रहा है लेकिन कांग्रेस को करारा झटका लगनेवाला है। राज्य में 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी को 49 फीसदी वोट मिले थे, जबकि इस बार 47 फीसदी वोट मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है, मतलब बीजेपी को दो फीसदी का नुकसान हो सकता है। अब राज्य की दूसरी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस की बात करें तो आम आदमी पार्टी की वजह से उसको कड़ी चोट मिलने का अनुमान दिख रहा है। आगामी चुनाव में कांग्रेस के खाते में 32 फीसदी वोट शेयर जाने का अनुमान है, जबकि पिछले चुनाव में इस पार्टी को 41.4 फीसदी वोट मिले थे। स्थिति साफ है कि आम आदमी पार्टी बीजेपी की तुलना में कांग्रेस को ज्यादा नुकसान पहुंचा रही है। कांग्रेस को 9 फीसदी से अधिक वोटों का नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### कड़वा पटेल वोटर किसके साथ

एबीपी न्यूज-सी वोटर के अनुसार, कड़वा पटेल वोटर की भी पहली पसंद बीजेपी ही है। कड़वा पटेल वोटर का 49 प्रतिशत वोट बीजेपी को मिल सकता है। वहीं कांग्रेस के खाते में 34% वोट कड़वा पटेल जाति का मिल सकता है। इसके अलावा आप-14% और अन्य-3% को कड़वा पटेल जाति का वोट पा सकते हैं।



### गुजरात में किसके साथ हैं ओबीसी वोटर ?

एबीपी न्यूज-सी वोटर के अनुसार, ओबीसी वोटर की पहली पसंद भारतीय जनता पार्टी है। बीजेपी को ओबीसी का 54% वोट मिल सकता है। वहीं कांग्रेस को 26% वोट, आप को 16% और अन्य-4% ओबीसी वोटर पा सकते हैं।

### दलित वोट के लिए बीजेपी-कांग्रेस में टक्कर

एबीपी न्यूज-सी वोटर के अनुसार, दलित वोटर को लेकर बीजेपी और कांग्रेस में कड़ी टक्कर है। बीजेपी को दलित का 39 प्रतिशत वोट मिल सकता है। वहीं 38% दलित वोट कांग्रेस को मिल सकता है। वहीं आम आदमी पार्टी को 20 प्रतिशत और अन्य को 3 प्रतिशत दलित वोट मिल सकता है।

### महिला वोटर की पहली पसंद कौन?

सर्वे के अनुसार, बीजेपी को 45% वोट महिलाओं के मिल सकते हैं। वहीं कांग्रेस को 35% वोट, आप को 17% और अन्य को 3% वोट महिलाओं के मिल सकते हैं।

### बंटेगा मुस्लिम वोट

सर्वे के अनुसार, गुजरात चुनाव में मुसलमानों का वोट बंट सकता है। कांग्रेस को सबसे ज्यादा 45 प्रतिशत मुस्लिम वोट मिल सकता है। वहीं बीजेपी के खाते में 23 प्रतिशत मुस्लिम वोट जा सकता है। इसके अलावा आम आदमी पार्टी को 30% और अन्य को 2% मुस्लिम वोट मिल सकता है।

### विभिन्न इलाकों में किसे कितनी सीटें?

गुजरात के विभिन्न इलाकों की बात करें तो सौराष्ट्र में बीजेपी को 38-42 सीटें, कांग्रेस को 11-15 सीटें, आप को 0-1 सीट, अन्य को 0-2 सीट मिल सकती है। दक्षिण गुजरात में बीजेपी 27-31 सीट, कांग्रेस, 3-07 सीट, आप 0-2 सीट और अन्य शून्य से एक सीट हासिल कर सकती है। इसके अलावा मध्य गुजरात में बीजेपी के खाते में 46-50 सीटें जा सकती हैं। यहां कांग्रेस को 10-14 सीटें ही मिलने का अनुमान है। आप को 0-1, अन्य को 0-2 सीटें मिल सकती हैं।

### गुजरात का समीकरण

गुजरात विधानसभा की कुल 182 सीटों में से 27 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है और आदिवासी मतदाता बनासकांठा, साबरकांठा, अरवल्ली, महिसागर, पंचमकाल दाहोद, छोटाउदेपुर, नर्मदा, भरूच, तापी, वलसाड, नवसारी, डांग और सूरत जैसे कई जिलों में जीत हार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्य में 13 विधानसभा सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। राज्य में लगभग 12 प्रतिशत आबादी वाले पाटीदार समुदाय को साधने के लिए हाल ही में उनके युवा चेहरे हार्दिक पटेल को भाजपा में शामिल कराया गया है और बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में विभिन्न समुदायों के कई अन्य लोकप्रिय नेताओं को भी भाजपा में शामिल कराया जा सकता है। दरअसल, 2017 के पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को महज 99 सीटों पर ही जीत हासिल हो पायी थी। इस चुनाव में कांग्रेस को 77 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। मतदान प्रतिशत की बात करें तो भाजपा को 49 प्रतिशत मतदाताओं का समर्थन मिला था जबकि कांग्रेस ने भी 41.5 प्रतिशत वोट लेकर भाजपा को राज्य में कड़ी टक्कर दी थी। अपने सबसे मजबूत गढ़ में मिले इस झटके के बाद मौका मिलते ही भाजपा ने राज्य में मुख्यमंत्री के साथ-साथ पूरी सरकार को ही बदल डाला और अब भाजपा ने 2022 के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव में 150 सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। दरअसल, गुजरात को भाजपा के सबसे मजबूत गढ़ के साथ-साथ भाजपा की प्रयोगशाला भी माना जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का गृह राज्य होने के कारण भी गुजरात भाजपा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए इस बार भाजपा आलाकमान ने स्वयं राज्य विधानसभा चुनाव की रणनीति को अमलीजामा पहनाने का जिम्मा ले लिया है और पूरी ताकत के साथ चुनाव में उतरने का फैसला भी किया है। इसका नजारा भी दिख रहा है।

भाजपा ने राज्य में नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और अपनी दोनों सरकारों की उपलब्धियों को पूरी तरह से भुनाने के लिए इस बार विधानसभा की कुल 182 सीटों में से 150 सीटों पर जीत हासिल करने का लक्ष्य रखा है हालांकि 1995 से लगातार राज्य में चुनाव जीतती आ रही भाजपा ने अब तक कभी भी 127 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल नहीं की है। 1995, 1998, 2002, 2007 और 2012 के लगातार 5 विधान सभा चुनावों में भाजपा राज्य की कुल 182 विधान सभा सीटों में से 115 से लेकर 127 के बीच सीटें जीतकर सरकार बनाती रही है लेकिन 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद हुए 2017 के विधान सभा चुनाव में भाजपा 100 से भी नीचे पहुंच गयी। 2017 में भाजपा को महज 99 सीटों पर ही जीत हासिल हो पायी। इसलिए भाजपा इस बार कोई जोखिम लेने को तैयार नहीं है। अब तक की सबसे ज्यादा 150 सीट जीतने के लक्ष्य को लेकर विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही भाजपा ने अपने पारंपरिक शहरी वोटरों के साथ-साथ आदिवासी, ओबीसी, दलित और पाटीदारों को साधने की लिए भी विशेष रणनीति बनायी है। भाजपा की कोशिश कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक में सेंध लगाने की है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं कांग्रेस के दबदबे वाले आदिवासी बहुल क्षेत्र दाहोद का दौरा कर आदिवासी मतदाताओं को साधने का प्रयास किया था। वहीं आदिवासी समाज की शान द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद पर बिठाकर भाजपा ने बहुत बड़ा संदेश दे ही दिया है। गुजरात में बीजेपी पिछले दो दशक से ज्यादा समय से लगातार सत्ता में बनी हुई है। इस सफलता के लिए पार्टी एक व्यवस्थित चुनावी मशीनरी का दावा कर सकती है। लेकिन इसके अलावा मोदी का मैजिक भी एक बड़ा कारण है। मोदी ने मुख्यमंत्री और बाद में प्रधानमंत्री के रूप में गुजरात के लोगों पर जादू कर दिया है। गुजरात के लोगों के मिले प्यार ने मोदी को काम करने की जो ऊर्जा दी, उसी की बदौलत वह आज पूरे देश पर राज कर रहे हैं। एक तरफ देश की तमाम राजनीतिक पार्टियां और उनके नेता हैं, तो दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी अकेले सब पर भारी हैं। सच कहा जाये, तो आज नरेंद्र मोदी का चेहरा इतना कद्दावर हो गया है कि दूसरा कोई उनकी तुलना में उनके सामने ठहर नहीं पाता। मोदी ने पूरे देश को एक और संदेश दिया है। आप अपने क्षेत्र में अच्छा काम करके पूरे देश को अच्छा संदेश दे सकते हैं। 2014 में मोदी ने देश की कमान संभाली, बावजूद इसके आज भी मोदी गुजरात के जन-जन के नेता हैं। सच कहा जाये तो आज मोदी और गुजरात एक दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। गुजरात है, तो मोदी हैं, मोदी हैं तो गुजरात की शान पूरे देश में है।

---

## संविदा पर एक साल के लिए नियुक्त होंगे पूर्व सैनिक

# जेलों में 624 पदों पर होगी नियुक्ति

**पुरुषों के लिए 600 और महिलाओं के 24 पद रिक्त हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के जेलों में 624 पदों पर नियुक्ति होगी। इसको लेकर गृह विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार रांची, हजारीबाग, दुमका और जमशेदपुर सेंट्रल जेल में कक्षपाल के 624 पदों पर भर्ती की जायेगी, जिनमें पुरुषों के लिए 600 और महिलाओं के 24 पद रिक्त हैं। यह पद राज्य स्तरीय है। इन सभी पदों पर भूतपूर्व सैनिकों को नियुक्त किया जाना है। यह नियुक्ति संविदा के आधार पर एक साल के लिए होगी। एक साल पूरा होने के बाद सेवा समाप्त कर दी जायेग।




### हर महीने मिलेंगे 20 हजार रुपये

गृह विभाग के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अनुबंध के आधार पर नियुक्त भूतपूर्व सैनिकों को हर महीने 20 हजार रुपये वेतन दिया जायेगा। प्रत्येक वर्ष सेवा की अवधि के उपरांत निर्धारित मानदेय में 8% की बढ़ोत्तरी की जायेगी। इसके अलावा कोई राशि देय नहीं होगी। अनुबंध पर इन कर्मियों को एक वर्ष में केवल 20 दिनों का क्षतिपूर्ति अवकाश दिया जायेगा। इन्हें यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता सरकारी ड्यूटी के दौरान नियमानुसार दिया जायेगा।

जो भूतपूर्व सैनिक पहले सैनिक अस्पताल में स्वास्थ्य संबंधी कार्य कर चुके हैं, उन्हें इच्छानुसार कारा अस्पताल में सेवा दी जा सकती है, साथ ही ड्राइवर, कंप्यूटर ऑपरेटर की जानकारी रखने वाले भूतपूर्व सैनिक को नियुक्ति में प्राथमिकता दी जायेगी।

### किस दिन होगी नियुक्ति की प्रक्रिया

- बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार रांची में 12 अक्टूबर
- लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा हजारीबाग में 28 अक्टूबर
- केंद्रीय कारा दुमका में 4 नवंबर
- केंद्रीय कारा जमशेदपुर में 11 नवंबर

## केंद्रीय आयुष मंत्रालय में संयुक्त सचिव बने राहुल शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा झारखंड कैडर के अधिकारी राहुल शर्मा को संयुक्त सचिव आयुष मंत्रालय भारत सरकार के पद पर नियुक्त किया है। इनकी प्रतिनियुक्ति पांच साल तक के लिए होगी। हाल में ही राहुल शर्मा को झारखंड सरकार ने योजना एवं विकास विभाग के सचिव के पद से स्थानांतरित करते हुए पंचायती राज सचिव के पद पर नियुक्त किया था। राहुल शर्मा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जायेंगे। केंद्र ने कुल 33 आइएएस अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। इस संबंध में केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने अधिसूचना जारी दी है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## झूठी शादी रचा कर नाबालिग लड़कियों को बेचनेवाले गिरोह का खुलासा, 3 महिला समेत 12 सदस्य गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले में शादी रचा कर नाबालिग लड़की को बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पचंबा पुलिस ने तीन महिला सहित कुल 12 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल भेजे जाने वाले आरोपियों में चार आरोपी मध्यप्रदेश, दो राजस्थान, तीन बिहार और तीन आरोपी गिरिडीह जिले के गावां और बेंगाबाद के रहने वाले हैं। इस घटना की जानकारी एएसपी हरीश बिन जामा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी।

एएसपी ने बताया कि 5 जुलाई को पचंबा थाना क्षेत्र के नारोबाद गांव से एक 12 वर्षीय नाबालिग गायब हो गयी थी। 14 जुलाई को नाबालिग की मां ने थाने में शिकायत की थी। मामले की पड़ताल में पता चला कि एक गिरोह का इसमें हाथ है। फिर कांड संख्या 90/022 धारा 363/365/34 के तहत मामला दर्ज कर एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस दौरान गुप्त सूचना पर मीर होटल में छापेमारी कर मीना देवी, प्रीति कुमारी और उसके सहयोगी ललिता कुमारी, भोला दास उर्फ भोला कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। पूछताछ में भोला दास उर्फ भोला कुमार ने बताया कि नाबालिग की हम लोगों ने बिहार के गया जिला निवासी शंकर चौधरी से शादी करा दी, जो उसे राजस्थान में बेचने की तैयारी में हैं।




इस घटना को लेकर गिरिडीह जिले में हड़कंप मचा हुआ है। आपको बता दें कि इसी तरह गिरोह के द्वारा सुदूरवर्ती इलाकों में रह रही आदिवासी नाबालिग बच्चियों को लालच और प्रलोभन तो कभी शहरों में नौकरी दिलाने के नाम पर उन्हें झांसे में लेकर बेच दिया जाता है। इस प्रकार लगातार मानव तस्करी का धंधा गिरिडीह जिले के सुदूरवर्ती इलाकों में फल फूल रहा है। कभी-कभी तो थाने में शिकायत करने के बावजूद मामला फाइलों में सिमट कर रह जाता है।

आजाद सिपाही 187200 Subscribers | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वा | VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+ | Watch Time (HR) 11 Lakh+ | YouTube Channel | Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.9 °c | 21.7 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.34 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.41 बजे | |






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
187200 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


# आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 04 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



### मां सिद्धिदात्री
पंडित रामदेव पांडेय



नवरात्रि के आखिरी दिन यानी नवमी को मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती हैं। यह मां दुर्गा का नौंवा रूप हैं। इस बार नवमी 7 अक्टूबर 2019 को है। इस दिन भी कई भक्त अपने घरों में कुंजिकाओं को बिठाते हैं और उन्हें भोजन कराते हैं। भगवान शिव ने मां सिद्धिदात्री की कृपा से ही 8 सिद्धियों को प्राप्त किया था। इन सिद्धियों में अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व शामिल हैं। इन्हीं माता की वजह से भगवान शिव को अर्द्धनारीश्वर नाम मिला, क्योंकि सिद्धिदात्री के कारण ही शिव जी का आधा शरीर देवी का बना। हिमाचल का नंदा पर्वत इनका प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। मान्यता है कि जिस प्रकार इस देवी की कृपा से भगवान शिव को आठ सिद्धियों की प्राप्ति हुई ठीक उसी तरह इनकी उपासना करने से अष्ट सिद्धि और नव निधि, बुद्धि और विवेक की प्राप्ति होती है। कमल पर विराजमान चार भुजाओं वाली मां सिद्धिदात्री लाल साड़ी में विराजित हैं। इनके चारों हाथों में सुदर्शन चक्र, शंख, गदा और कमल रहता है। सिर पर ऊंचा सा मुकूट और चेहरे पर मंद मुस्कान ही मां सिद्धिदात्री की पहचान है। घी का दीपक जलाने के साथ-साथ मां सिद्धिदात्री को कमल का फूल अर्पित करना शुभ माना जाता है। इसके अलावा जो भी फल या भोजन मां को अर्पित करें, वो लाल वस्त्र में लपेट कर दें। निर्धनों को भोजन कराने के बाद ही खुद खायें।

## दुर्गोत्सव : मौसम की बेरूखी के बाद भी दर्शन को उमड़े दर्शनार्थी, आस्था और भक्ति से पूरी रात इठलायी राजधानी

# भक्तों ने की अष्टमी की पूजा, महानवमी की आराधना आज

रांची (आजाद सिपाही)। शारदीय नवरात्र के आठवें दिन सोमवार को भक्तों ने मां के महागौरी स्वरूप की आराधना की। पूजा-अर्चना को दोपहर बाद तक मंदिरों और पंडालों में भक्तों का तांता लगा रहा। सांझ ढलते दुर्गोत्सव का रंग और भी गहराया। भक्ति के उत्सव की मस्ती से अपना शहर सराबोर हो उठा। मौसम की बेरूखी के बाद भी भक्तों के कदम महामाया के दरबार में जाने को उठे तो अंखिया शेरावानी के दिव्य दर्शन को आतुर रहीं। जैसे-जैसे रात गहराती गयी, दर्शनार्थियों की भीड़ बढ़ती गयी। ऐसा लगा मानो आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा हो। आभा बिखेरते पूजा पंडालों और विद्युत सज्जा से राजधानी पूरी रात इठलाती रही। अब मंगलवार को महानवमी पूजन के साथ व्रतधारियों का नवरात्र व्रत पूर्ण होगा। बुधवार को पाप रूपी राक्षस का नास कर सभी विजयदशमी का त्योहार धूमधाम से मनायेंगे।

### चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति : सोमवार को बारिश होने के बाद भी दर्शनार्थियों का लगा रहा तांता। पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने सभी भक्तों का आभार जताया



### आरआर स्पोर्टिंग क्लब दुर्गा पूजा समिति : बारिश को मां का आशीष मान दर्शन को उमड़े दर्शनार्थी। समिति के विक्की यादव ने सभी का आभार जताया




देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com


## मुख्यमंत्री ने महाअष्टमी की दी शुभकामनाएं



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को महाअष्टमी की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि महाअष्टमी के पावन अवसर पर मां सभी को सुख, शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन प्रदान करे, यही कामना करता हूं।

## देवी दर्शन में 1111 दीप जला कर हुई माता की महाआरती




आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। देवी-दर्शन महायज्ञ महोत्सव समिति द्वारा आयोजित 11वें सामूहिक सहस्त्राधिक कलश स्थापन समारोह के अंतर्गत काशी से आये आचार्य सतीश चंद्र मिश्रा एवं मुख्य यजमान डॉ रंजीत कुमार सपत्नीक डॉ वंदना कुमारी एवं संकल्पकर्ताओं द्वारा माता का एक हजार अड़हुल फूल, कमल फूल एवं सिंदुर से सहस्त्राचरण किया गया। विशेष पूजा में 1111 दीपों को प्रज्जलित कर माता एवं कलश की विशेष महाआरती की गयी। संध्या आरती के पश्चात श्रद्धालुओं में छप्पन भोग का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर देवी दर्शन महायज्ञ महोत्सव के सभी सदस्य अनंत कुशवाहा, मनीष तिवारी, राहुल कुमार, राजीब कुमार सिंह, कृष्णा कुमार महली, नेहा झा इत्यादि उपस्थित रहे।

### मां भवानी युवा क्लब पिस्कामोड़



## बाबूलाल ने किये मां के दर्शन, भक्तों में बांटा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को हिंदपीढ़ी पूजा कमिटी वैशाखी संघ के पूजा पंडाल में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी और भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा पूजा में शामिल हुए। पूजा पंडाल में आये अतिथियों का स्वागत राहुल सिन्हा चंकी और समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। सोमवार को मरांडी ने राजधानी रांची के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर मां भवानी के दर्शन किये। इसी क्रम में मरांडी ने हिंदपीढ़ी पूजा कमिटी वैशाखी संघ के पूजा पंडाल में आये दर्शनार्थियों के बीच प्रसाद वितरण भी किया। मरांडी ने सभी मां भवानी के भक्तों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं। समारोह में विश्वजीत बोस, सत्यजीत सरकार, मोपाली बॉस, सुमित कुमार, सुभाजित पाल, अमन जयसवाल,आकाश कुमार, गोदाई कुमार, बाबला कुमार, शिल्पी नंदी, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



### तीसरे दिन भी तत्पर दिखा युवा दस्ता

**रांची।** सोमवार को युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि युवा दस्ता के सदस्यों द्वारा दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान मां भवानी के दर्शन करने आये दर्शनार्थियों के सहयोग में विभिन्न पूजा पंडालों और प्रमुख मार्गों में तैनात रह कर सैकड़ों महिलाओं और बुजुर्गों को माता रानी के दर्शन कराने में सहयोग किया गया। इस दौरान 78 बच्चों और बिछड़े हुए परिवारों को मिलाने के साथ ही 84 बुजुर्ग लोगों को मां भवानी का दर्शन कराया गया। मिश्रा ने बताया कि मेन रोड और फिरायालाल चौक- पीयूष आनंद, राकेश सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, अपर बाजार- प्रेम वर्मा, हरमू- शाहिल कुमार, हिनू एवं डोरंडा- अंकित सिंह, बूटी मोड़ और बांधगाडी- मंटू दुबे, रातू रोड - टिंकू महतो के नेतृत्व में 363 सदस्य और पदाधिकारी भक्तों के सेवा कार्य में लगे हुए हैं। मिश्रा ने बताया कि युवा दस्ता के सदस्य और पदाधिकारी राजधानी रांची सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा कार्य के लिए तैनात थे। वे सेवा कार्य में विसर्जन तक तैनात रहेंगे।

### मौसम विभाग के अनुसार रांची में अगले चार दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा

# जोरदार बारिश ने दुर्गा पूजा के उत्साह में खलल डाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दो साल तक कोरोना का संकट झेलने के बाद पहली बार राजधानी रांची समेत झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में धूमधाम से दुर्गा पूजा का आयोजन इस साल हो रहा है। दुर्गा पूजा उत्सव को लेकर लोगों में भारी उत्साह है, लेकिन लोगों के इस उत्साह पर बारिश ने पानी फेर दिया है। रांची में सोमवार सुबह से दिन भर आसमान में बादल छाये रहे। कई इलाकों में बारिश भी हुई। रांची में शाम को जोरदार हुई बारिश ने दुर्गा पूजा के उत्साह में खलल डाल दिया। मौसम विभाग के अनुसार रांची में अगले चार दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा।

वहीं राज्य में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले दो-तीन दिनों में तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि होने की संभावना है। वहीं अगले 24 घंटे के दौरान राजधानी रांची समेत गढ़वा, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, बोकारो के कुछ इलाकों में वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जतायी गयी है। साथ में इन जिलों के कुछ स्थानों पर तेज हवा चलने की भी संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 30-40 किमी प्रति घंटे तक रह सकती है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने अनुमान में कहा है कि 3 अक्टूबर को दक्षिण-पश्चिमी, उत्तरी तथा मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश, 4 और 5 अक्टूबर तक झारखंड के सभी जिलों में वर्षा हो सकती हैं।



लगभग हर दिन हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की आशंका हैं। 6 अक्टूबर के बाद ही वर्षा में कमी आ सकती है। वर्षा के कारण पंडालों की रंग-रोगन और लाइटिंग फीकी पड़ रही है।

### दोबारा मानसून की हो सकती है वापसी

अभिषेक आनंद बताते हैं कि अभी यह स्थित बनी रहेगी। बंगाल की खाड़ी में बनने वाले साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर अगले एक सप्ताह तक देखने को मिल सकता है। 12 से 15 अक्टूबर तक मानसून की वापसी की संभावना है। पिछले 24 घंटे में राजधानी समेत कुछ स्थानों पर भारी वर्षा देखने को मिली है। वर्तमान में गर्जन और वज्रपात वाली वर्षा हो रही है। आमतौर पर यह दोपहर के बाद हो रही है। उन्होंने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी अभी वातावरण में मौजूद है, पहले पहर में गर्मी होती है। नमी और गर्मी के मिश्रण से गर्जन और वज्रपात वाले बादल बनते हैं। इस कारण वर्षा देखने को मिल रही है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### ऋषभ सिंह का देवीगीत रिलीज हुआ



रांची (आजाद सिपाही)। ऋषभ सिंह का देवीगीत राजधानी म्यूजिक कंपनी से रिलीज हुआ। गीत का नाम सातो बहिनिया अइली है, जिसे लोग काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं और एक नये कलाकर का परिचय करवा रहे हैं। गीत के निर्माता और निर्देशक प्रमोद रॉय हैं। गीत को ऋषभ सिंह ने खुद से संवारा है। गीत में विशेष रूप से सहयोग सुजीत सिंह, विक्की यादव, राहुल यादव, रोहित यादव, संतोष पाठक, बबलू सिंह हैं । ऋषभ सिंह ने कहा कि वह दो साल से इस क्षेत्र में लगातार प्रयास कर रहे हैं और इसी तरह जनता का आशीर्वाद मिलता रहा, तो सुपर हिट गाने लाते रहेंगे और जनता को मनोरंजन करते रहेंगे। गीत के प्रोडक्शन मैनेजर नमन भरतीया हैं।

### लक्ष्मण सिंह का पूजा पंडालों में किया गया स्वागत



रांची (आजाद सिपाही)। समाजसेवी भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह का काटमकुली कांके, रातू सहित पिस्कानगड़ी में दुर्गा पूजा पंडाल में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सिंह माता की आरती में शामिल हुए। उन्होंने सभी झारखंडवासियों को नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारा झारखंड खुशहाल और सुख समृद्धि के साथ-साथ हरा भरा रहे। काटमकुली दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मोतीलाल महतो, उपाध्यक्ष बासुदेव महतो, सचिव रामजीत महतो, सहसचिव- प्यारेलाल महतो, कोषाध्यक्ष विकास मुंडा, सुरिंदर महतो सहित सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। वहीं पिस्का नगड़ी में अध्यक्ष आदित्य केसरी, महामंत्री राहुल चौधरी, प्रभात महतो, दीपक केसरी, आशीष चौधरी, राहुल केसरी, नवीन केसरी, एसके सिंह, आकाश साहू, भीम अजय साहू, बलराम तिवारी सहित सभी उपस्थित थे।

### विनैक्स क्लब दुर्गा पूजा समिति बरियातू हाउसिंग कॉलोनी पंडाल का उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। महासप्तमी की संध्या में विनैक्स क्लब दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन क्लब के संस्थापक राकेश कुमार महेंद्रू की माता समाजसेवी सरला देवी महेंद्रू द्वारा पंडाल का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कांके के विधायक समरी लाल, उपमहापौर संजीव विजवर्गीय उपस्थित थे। इस अवसर पर पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़ कर लोगों ने माता का आह्वान किया। इस  वर्ष विनस क्लब द्वारा स्वप्नलोक का निर्माण किया गया है, जिसमें माता विराजमान दिखायी दे रही हैं।पट खुलते ही माता के दर्शन एवं पंडाल की कलाकृति देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखाई दे रही है। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद, मुख्य संरक्षक संजय मिनोचा, जितेंद्र सिंह, सुनील कुमार, बॉबी कुलदीप राज महेंद्रु, राणा रणधीर, सुनील सिंह, सौरव दास, रवि सिंह, संतोष कुमार, अनिल कुमार सिन्हा, निर्भय कुमार सिन्हा, रंजना जायसवाल सहित अनेक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### राज्यसभा के पूर्व सांसद और पूर्व विधायक ज्ञान रंजन की पत्नी विभा रंजन का निधन



रांची (आजाद सिपाही)। राज्यसभा के पूर्व सांसद और रांची के पूर्व विधायक ज्ञानरंजन की पत्नी विभा नंजन का निधन हो गया। 1 अक्तूबर को नयी दिल्ली स्थित उनके आवास में हृदय गति रूक जाने से उनका निधन हो गया। वह 69 वर्ष की थी। रांची के पूर्व विधायक ज्ञानरंजन के निधन के बाद वह दिल्ली में ही रहती थीं। कभी कभार वह रांची आती थीं। सर्कुलर रोड स्थित महेंद्र प्रसाद महाविद्यालय की वह सचिव भी थी। ज्ञानरंजन के निधन के बाद वही इस कॉलेज का संचालन कर रही थीं। बता दें कि ज्ञानरंजन से विभा रंजन की शादी 1980 में रजरप्पा मंदिर में बिल्कुल ही सादे समारोह में हुई थी। तब विभा रंजन रातू रोड हेसल में रहती थी। 1984 में उन्होने एक बच्ची को गोद लिया था। 28 वर्षीय वह बच्ची खुशबू वर्तमान में आस्ट्रेलिया में डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही है।

### 76 हजार सहायिकाओं-सेविकाओं के लिए अच्छी खबर, जल्द होगा मानदेय का भुगतान

रांची (आजाद सिपाही)। आंगनबाड़ी सहायिकाओं सेविकाओं के लिए अच्छी खबर है। अब सेविकाओं का बकाया वेतन उनको दे दिया जायेगा। इसके लिए समाज कल्याण विभाग ने जिलों को राशि आवंटित कर दी है। 38 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों की लगभग 76 हजार सेविकाओं-सहायिकाओं को उनका बकाया वेतन दिया जायेगा। इसके लिए विभाग से निर्देश जारी कर दिये गये हैं। बता दें कि 76 हजार सेविका, सहायिकाओं को केंद्र सरकार द्वारा मिलने वाला मानदेय आठ माह से बकाया है। 23 सितंबर को सेविका, सहायिका द्वारा आयोजित आभार यात्रा के दौरान रांची स्थित अपने आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आंगनबाड़ी यूनियन के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिया था कि दुगार्पूजा के पूर्व सेविका, सहायिका का सभी प्रकार के बकाया मानदेय का भुगतान कर दिया जायेगा। सोमवार को इस बाबत निर्देश जारी कर दिया गया है।

### रांची विवि के शिक्षकेतर कर्मचारियों को दिया गया फेस्टिवल एडवांस

रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मचारियों को पर्व त्यौहारों को देखते हुए फेस्टिवल एडवांस के रूप में अग्रिम राशि प्रदान की गयी है। इसके तहत थर्ड ग्रेड के कर्मचारियों को 40 हजार और फोर्थ ग्रेड के कर्मचारियों को 30 हजार रुपये दिये गये हैं। इसके पहले रांची विवि और इसके अंतर्गत सभी कालेजों के कर्मियों का वेतन दशहरा की छुट्टियों के प्रारंभ होने से पहले ही दे दिया गया है। अब कुलपति के आदेश पर थर्ड और फोर्थ ग्रेड के कर्मचारियों को दीवाली छठ जैसे त्यौहारों को देखते हुए यह फेस्टिवल एडवांस राशि दी गयी है।

### राज्य में पहली बार टेंट डेकोरेटर्स का राष्ट्र स्तरीय अधिवेशन 8 और 9 अक्टूबर को

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में पहला टेंट डेकोरेटर्स का अधिवेशन सह प्रदर्शनी स्व. तिलकराज अजमानी की पुण्यतिथि पर 8 और 9 अक्टूबर को होने जा रहा है। इसमें देश के 12 राज्यों के टेंट और शादी ब्याह में होनेवाली डेकोरेशन से जुड़े तीन हजार से अधिक व्यवसायी भाग लेंगे। प्रदर्शनी में टेंट उद्योग से जुड़े निर्माता और थोक विक्रेता अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए आयोजन स्थल गीतांजलि और आशीर्वाद बैंक्वेट हाल में 100 से अधिक स्टॉल लगाये जा रहे हैं। कुणाल अजमानी ने बताया कि प्रदर्शनी में देश-विदेश की कंपनियां आ रही हैं। अभी तक 1500 प्रतिनिधियों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है।

### रोल गांव पहुंचे भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, मातेश्वरी की पूजा की



चंदवा (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह रोल-महुआमिलान दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष प्रतुल शाहदेव सोमवार को महाष्टमी के दिन सपरिवार अपने पैतृक आवास रोल पहुंचे। जहां उन्होंने मातेश्वरी की पूजा अर्चना की। परंपरा के अनुसार पंचायत के पूर्व मुखिया बैजू मुंडा ने प्रतुल शाहदेव को अंग वस्त्र और नारियल देकर सम्मानित किया। इसके बाद सभी लोगों ने पंडाल में जाकर मां दुर्गा के दर्शन किए। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि पर्व त्योहार में अपने गांव और अपनों के बीच रहना आनंददायी है। यहां पिछले 16 वर्षों से पूजा हो रही है। इसके बाद प्रतुल रकसी, बालूमाथ और बारियातु गए जहां विभिन्न पंडालों में स्थापित मां के दर्शन कर क्षेत्र में सुख-शांति की कामना की। देर शाम चंदवा पहुंचकर संध्या आरती में शामिल हुए। इस मौके पर डॉ विद्या शाहदेव, अमित गुप्ता, अनिल साहू, आशीष सिंह, रोहित शाहदेव, रमेश गुप्ता,अजित शाहदेव आदि थे।

# दुर्गा बाड़ी में हुई महाअष्टमी की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। दुर्गा बाड़ी में मंगलवार को महाअष्टमी का पूजा मां दुर्गा के महागौरी के रूप में प्रातः 6:45 बजे आरंभ हुआ साथ ही चंडी पाठ भी आरंभ हुआ कुमारी पूजा 9:30 बजे हुआ, कुमारी पूजा में 6 वर्षीय एक कन्या का पूजन हुआ कन्या का पूजा माता रानी के रूप में ही किया जाता है और पूजा के पश्चात सभी भक्तगण उस कुमारी कन्या का पैर स्पर्श कर आशीर्वाद लेते हैं। भोग निवेदन 10.15 बजे हुआ एवं पुष्पांजलि 10:45 मिनट में संपन्न हुई। इस वर्ष दुर्गा बाड़ी में महा अष्टमी का संधि पूजा दोपहर 3:36 बजे के बाद आरंभ हुआ और बलिदान अपराहन चार बजे के बाद किया गया तथा संधि पूजा की समाप्ति अपराहन 4: 24 मिनट में हुआ।

पूजा को संपन्न कराने में समिति के पुरोहित श्री शांतनु भट्टाचार्य, कांति पदो चटर्जी, काशीनाथ भट्टाचार्य, कौशिक भट्टाचार्य, बलभद्र मिश्र, के साथ-साथ प्रदीप रॉय, देवनाथ गांगुली, अमर नाथ चक्रवर्ती, श्यामल रॉय, संदीप चौधरी, जयंतो कर, सुमंतो प्रमाणिक, नारायण प्रमाणिक के अलावा सभी पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए तथा संध्या 7:00 बजे आरती के बाद की महाअष्टमी पूजा संपन्न हुई।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में शक्तिस्वरूपा का दर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय हरमू रोड द्वारा रातू रोड चोंदमल जैन विद्यालय आकाशवाणी होटल के बगल में रेडियो स्टेशन के सामने प्रदर्शित पंडाल द्वारा नारी को देवियों के रूप में शक्तिस्वरूपा दिखा कर हिंसा का स्वरूप दिया गया है। उन्होंने आसुरी शक्ति का सहार शस्त्रों से नहीं, बल्कि ज्ञान के शस्त्रों से काम क्रोधादि विकारों का संहार किया। देवियों ने साधना द्वारा दुर्व्यसन बुराई एवं विकारों पर विजय प्राप्त की। झांकी का मर्म जीवन में लाने के लिए ब्रह्माकुमारी, हरमू रोड, चौधरी बगान, हरमू रोड में निःशुल्क राजयोग ज्ञान शिविर में अवश्य भाग लें। आठ से 10 अक्टूबर तक प्रातः 7.30 बजे से 9.30 बजे तक तथा 4.30 से 6.30 बजे तक राजयोग ज्ञान शिविर का आयोजन किया गया है।

### ठेले, खोमचे वाले से वसूली तुगलकी फरमान : चैंबर

रांची (आजाद सिपाही)। नगर निगम ने पंडाल के पास लगे ठेले, खोमचे, दुकानों से 10 रुपये से 200 रुपये प्रतिदिन कचरा यूजर्स चार्ज के रूप में वसूलने का निर्णय लिया है। इसका विरोध शुरू हो गया है। निगम के इस फैसले पर आपत्ति जताते हुए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा है कि यह तुगलकी फरमान है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि गरीब ठेले, खोमचे और खिलौने आदि बेचने वालों से वसूली का नर्णिय अमानवीय है। पूरे साल ये लोग इंतजार करते हैं कि पूजा के दौरान लगने वाले मेले से कुछ आमदनी हो जायेगी, जिससे परिवार की कुछ जरूरतें पूरी कर पायेंगे, मगर निगम ने जो निर्णय लिया है, वह तुगलकी फरमान है।

### भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने मां से मांगा आशीर्वाद



भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने महाअष्टमी के दिन अनगड़ा, सिकिदिरी और ओरमांझी के विभिन्न पूजा पंडालों में मां भवानी के दर्शन किये। सोमवार को सिकिदिरी के ढेलवा खूंटा, अनगड़ा के हाहे, ओरमांझी के बारीडीह दुर्गा पूजा पंडाल, आनंदी ग्राम, शिव दुर्गा मंदिर द्वारा आयोजित पूजा पंडाल में मातारानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही ओरमांझी के अंचल मैदान में शास्त्री क्लब द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान पांचा में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी से मां दुर्गा की पूजा पर चर्चा की।

## पुराने रेलवे कॉलोनी, मंचेश्वर में एसटीपी का हुआ उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। पर्यावरण संबंधी पहल के क्रम में, खोरधा रोड मंडल ने पुराने रेलवे कॉलोनी, मंचेश्वर में एक सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) स्थापित किया है। स्वच्छता पखवाड़ा के समापन दिवस पर, श्री रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड और शुभलक्ष्मी जेना, अध्यक्षा, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधा रोड ने शाखा अधिकारियों और खोरधा रोड मंडल के पर्यावरण हाउस कीपिंग प्रबंधन शाखा के सदस्यों की उपस्थिति में सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) का उद्घाटन किया। सीवेज उपचार संयंत्र की क्षमता प्रतिदिन 10 किलो लीटर है यानी प्रतिदिन 10,000 लीटर अपशिष्ट जल का उपचार किया जा सकता है। पुराने रेलवे कॉलोनी/ मंचेश्वर में रेलवे क्वार्टर से अपशिष्ट जल एकत्र किया जाएगा और एसटीपी प्लांट में उसका इलाज किया जायेगा। बाद में रिंकेश राय, मंडल रेल प्रबंधक, शुभलक्ष्मी जेना, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन के अध्यक्षा और शाखा अधिकारियों के द्वारा सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) के परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। खोरधारोड मंडल की पर्यावरण हाउसकीपिंग प्रबंधन शाखा कर्मचारियों और रेल उपयोगकर्ताओं को बेहतर वातावरण प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

## खोरधारोड मंडल के स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ समापन



आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। हमारे भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी महात्मा गांधी को याद करते हुए, खोरधारोड मंडल ने खोरधारोड रेलवे स्टेशन पर महात्मा गांधी जी की 153वीं जयंती मनायी। रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड, शुभलक्ष्मी जेना, अध्यक्षा, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधारोड, शाखा अधिकारियों और पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन के अन्य सदस्यों ने महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। खोरधारोड मंडल ने 16 सितंबर से 30 सितंबर तक मंडल के सभी कर्मचारियों को शामिल करते हुए विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन कर स्वच्छता पखवाड़ा मनाया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान रेल कर्मचारियों के बच्चों के लिए ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पखवाड़ा के समापन के अवसर पर पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा शुभलक्ष्मी जेना ने विजेताओं को योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किये। रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक/खोरधारोड, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन के सदस्यों तथा अधिकारियों ने स्टेशन पर स्वच्छता अभियान में भाग लिया। बाद में रिंकेश राय, शुभलक्ष्मी जेना, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन के सदस्यों जागरूकता रैली निकली।

## ओड़िशा की खबरें

### नवीन पटनायक ने दुर्गा पूजा की बधाई दी



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। जगतजननी मां महिषामर्दिनी ने धराबतारण की हे। पूरे राज्य में धूम धाम से मां की पूजा आराधना मनाई जा रही है। दो साल की कोरोना पाबंदियों के बाद इस साल राज्य के लोग दुर्गा पूजा उत्सव का लुत्फ उठा रहे हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य के लोगों को दुर्गा पूजा की बधाई दी। उन्होंने कहा, रुपवित्र दुर्गा पूजा के अवसर पर, मैं सभी को शारदीय शुभेच्छा और अभिनंदन देता हूं। माता की कृपा से सभी का जीवन सुख समृद्धि से परिपूर्ण हो।

### एमसीएल जागृति महिला मंडल ने जरूरतमंद लोगों को साइकिल दी



संबलपुर (आजाद सिपाही)। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत जरूरतमंद एवं सबलपुर जिला के प्रतिभावान युवाओं को उनके दैनिक कार्य जीवन में सहयोग प्रदान करने के लिए 9 साइकिल प्रदान की है। जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह ने उपाध्यक्षाओं सरिता पटेल और रश्मि बेहुरा की उपस्थिति में 9 साइकिल छात्रों को प्रदान कीं। इस अवसर पर जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह ने कहा कि इस गतिविधियों से बच्चों की योग्यता को पहचानने के अलावा अन्य छात्रों को भी अनुकरण करने के लिए एक प्रेरणा के रूप में कार्य करती है। श्रीमती सिंह एमसीएल के सीएसआर विभाग के कार्मिकों तथा जागृति महिला मंडल के पदाधिकारियों और अन्य सदस्यों को इसे सफल बनाने के लिए आभार प्रकट किया।

### जुआ के अड्डे पर छापा, 4 लाख से अधिक जब्त




ब्रह्मपुर (आजाद सिपाही)। पावर्ण में पुलिस को सफलता मिली है। ब्रह्मपुर सदर थाना क्षेत्र खारवेल नगर में पुलिस ने जुआ अड़े पर छापेमारी की। इस छापेमारी में 10 जुआरियों के साथ पुलिस ने 4 लाख 25 हजार 270 रुपये जब्त किये। इसके अलावा पुलिस ने 11 मोबाइल और 3 मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। यह जानकारी ब्रह्मपुर एसपी ने दी।

### 64 साल की उम्र में विजय रंजन सिंह बरिहा पद्मपुर विधायक का निधन



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बरगड पद्मपुर विधायक का निधन हो गया। बरगढ़ जिला पद्मपुर विधायक विजय रंजन सिंह बरिहा का निधन हो गया। भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली। मृत्यु के समय उनकी आयु 64 वर्ष थी। सूचना के मुताबिक बीमारी के चलते विजय रंजन का कुछ दिनों से इलाज चल रहा था। विजय रंजन एक कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में जाने जाते हैं। उनके असामयिक निधन से पद्मपुर क्षेत्र में शोक की छाया है। वह पद्मपुर से 5 बार विधायक रहे और बारगड जिला बीजू जनता दल के अध्यक्ष रहे। 1990 में वह जनता दल से पहली बार विधान सभा के लिए चुने गये थे। उसके बाद 1995 में वे फिर से निर्वाचित हुए। उसके बाद 2000, 2004, 2009 और 2019 में बीजू जनता दल में विधान सभा के लिए चुने गये थे। 2009 में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की सरकार के तीसरे कार्यकाल में उन्होंने हरिजन-आदिवासी कल्याण कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला ।


**WANTED**

**LECTURER IN PEDAGOGY SUBJECT-02**
**MATH- 01 | SCIENCE-01**

▸ M.Sc Math, M.Sc Phy/Chem with 55% & B.Ed, M.Ed with 55% Marks, Net/Ph.D Qualified must

**Please send Biodata** with Contact Number within **12 days**

**Note :** Candidates of other subjects need not apply • Only short listed candidates will be called for interview • No T.A/D.A is admissible

**SHAHEED SHEIKH BHIKHARI COLLEGE OF EDUCATION**
SUTIYAMBE, PITHORIA, KANKE, RANCHI-834006
**Contact : 8986717710**
*Sd./- Secretary*



### हाजी हुसैन अंसारी की दूसरी (बरसी) पुण्यतिथि पर विशेष

# झारखंड अलग राज्य आंदोलन को धार दिया था हुसैन अंसारी ने

शमीम अली

23 जुलाई 1947 को देवघर जिला के मधुपुर अनुमंडल के पिपरा गांव में एक किसान परिवार में हाजी हुसैन अंसारी का जन्म हुआ था। हुसैन अंसारी की शिक्षा दीक्षा देवघर में हुई। बचपन से ही मिलनसार स्वभाव होने के साथ आस-पास के ग्रामीण की समस्याओं को देख कर वो बैचैन रहते थे और प्रखंड से लेकर जिला तक के अधिकारियों से मिल कर उसका समाधान करवाते थे। झारखंड आंदोलन में वो युवा काल में ही कूद पड़े थे। 90 के दशक में झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए और झारखंड अलग राज्य आंदोलन में लग गये। उन्होंने आंदोलन को संथाल परगना क्षेत्र के गांव गांव में पहुंचाया और एक बड़ी आबादी को आंदोलन का महत्व समझाते हुए उन्हें आंदोलन का हिस्सा बनाया। इससे शिबू सोरेन के नेतृत्व चल रहे झारखंड आंदोलन को अद्भुत गति मिली।

वर्ष 1995 और 2000 के विधानसभा चुनाव में झामुमो के टिकट पर वह संयुक्त बिहार के विधानसभा के लिए चुने गये। वर्ष 2010 एवं 2019 में वह मधुपुर विधानसभा से झामुमो की टिकट से चौथी बार झारखंड विधानसभा के लिए चुने गये। वर्ष 2004 में वह विपक्ष के नेता भी चुने गये।



हाजी हुसैन अंसारी हज कमिटी के चेयरमैन भी रहे।

पहली बार वर्ष 2009 में शिबू सोरेन की अगुवाई में गठित सरकार में हाजी हुसैन अंसारी ग्रामीण विकास मंत्री बनाये गये, लेकिन सरकार मात्र छह महीने तक ही रही। वर्ष 2011 में झामुमो के समर्थन से भाजपा नेतृत्व में बनी अर्जुन मुंडा सरकार में इन्हें अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बनाया गया।

2013 में कांग्रेस के समर्थन से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठित 13 महीने की सरकार में हाजी हुसैन अंसारी को पुनः अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री का कार्यभार सौंपा गया। इस दौरान वह नगर विकास मंत्री भी रहे। वर्ष 2020 में पुनः उन्हें अल्पसंख्यक कल्याण एवं निबंधन मंत्री का कार्यभार प्राप्त हुआ, जिस पर बहुत तेजी से वह कार्य कर रहे थे। 3 अक्टूबर 2020 को हृदय गति रुकने के कारण इनकी मृत्यु हो गयी थी।

हाजी हुसैन अंसारी के मंत्री कार्यकाल में प्लस-टू शिक्षक नियुक्ति, हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति और प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति हुई। 186 मदरसों को छठा वेतनमान एवं 44 मदरसों को अनुदान से जोड़ा गया। इन्होंने केन्द्रीय एमएसडीपी योजना अंतर्गत नर्सिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक कॉलेज, आइटीआइ आदि की स्थापना करायी। साथ ही अनके क्षेत्रों पर छात्रावास निर्माण करवाया। निबंधन विभाग के मंत्री रहते उन्होंने गैरमजरुआ भूमि भूमिहीन लोगों को देने और खतियान अधारित स्थानीय नीति की वकालत की थी।

हाजी हुसैन अंसारी के प्रथम बरसी (पुण्यतिथि) पर सही श्रद्धांजलि उनके नाम केंद्र द्वारा चिन्हित 46 अल्पसंख्यक प्रखंडों में एमएसडीपी योजना से अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निर्माण कर दिया जा सकता है, क्योंकि हाजी हुसैन अंसारी शिक्षा के महत्व को समझते थे और वह अपनी सभाओं में लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक भी किया करते थे।

**(लेखकः अल्पसंख्यक मामलों के जानकार हैं।)**


**पूर्व मध्य रेल**

**रेल कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को कौशल विकास हेतु तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम की संक्षिप्त सूचना**

**सं० ईसीआर/एचआरडी/एमपीपी/Skill Development/2015** **दिनांक 03.10.2022**

रेल कौशल विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2022–23 के आगामी बैच के लिए पूर्व मध्य रेल के 64 नामित प्रशिक्षण केन्द्रों पर नवयुवकों/नवयुवतियों के लिए लघु अवधि (3 सप्ताह) के प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण केन्द्रों पर ट्रेडवार निर्धारित सीटों की संख्या निम्नवत् हैं –

| क्रम. सं. | प्रशिक्षण संस्थान का नाम एवं पता | ट्रेड | प्रत्येक बैच में प्रशिक्षुओं की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केन्द्र, समस्तीपुर | फीटर | 20 |
| 2 | बेसिक प्रशिक्षण केन्द्र, कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, हरनौत, नालंदा | वेल्डर | 20 |
| | | मशीनिस्ट | 20 |
| 3 | इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रशिक्षण केन्द्र, गया कॉलोनी, दीन दयाल उपाध्याय, जिला – चंदौली (यूपी) | इलेक्ट्रीशियन | 20 |
| 4 | सिग्नल एवं दूर संचार प्रशिक्षण केन्द्र, नेउरा कॉलोनी, रोड नं० – 15, दानापुर | इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रुमेंटेशन | 25 |

इस प्रशिक्षण हेतु उपरोक्त ट्रेड में ITI प्रमाण पत्र धारक होना अनिवार्य नहीं है। प्रशिक्षण बिल्कुल निःशुल्क है, परन्तु प्रशिक्षणार्थियों को अपने रहने, खाने–पीने, आवागमन आदि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

**अहर्ता – हाई स्कूल उत्तीर्ण, उम्र : 18 से 35 वर्ष, आवेदन हेतु पोर्टल खुलने की तिथि : 07.10.2022 (00:00 hrs) पोर्टल बंद होने की तिथि – 20.10.2022 (23:59 hrs)**

प्रशिक्षण हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण हेतु आवेदन एवं विस्तृत जानकारी/शर्तों के लिए वेबसाईट www.railkvy.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें। ऑफलाइन माध्यम से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

पीआर/01185/एचक्यू/पीईआर/एन/22–23/72 सहायक कार्मिक अधिकारी/एमपीपी, पू.म. रेल, हाजीपुर

# 5जी से बदल जायेगी जिंदगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में इंडिया मोबाइल कांग्रेस के दौरान देश के चुनिंदा शहरों में 5जी लॉन्च करने की आधिकारिक घोषणा कर दी। हालांकि यह घोषणा महज औपचारिकता नहीं है, देश के आठ शहरों में सीमित अर्थों में ही सही, 5जी सेवाओं की शुरुआत हो गयी है। मगर फिर भी यह अभी सांकेतिक ही है। देश भर में 5जी की सीमलेस सर्विस मिलने में करीब दो साल और लग सकते हैं। बहरहाल, यह तो कहा ही जा सकता है कि देश 5जी के दौर में प्रवेश कर चुका है। मोबाइल फोन और खास कर इंटरनेट ने हमारी जिंदगी और इकॉनमी को पिछले कुछ वर्षों में जितने महत्वपूर्ण ढंग से प्रभावित किया है, उसे देखते हुए अब यह कल्पना करना मुश्किल नहीं है कि 5जी के आने से हमारे जीवन की गुणवत्ता कितनी बढ़ जायेगी। अगर सस्ते मोबाइल डेटा ने व्यापक आबादी के हाथ में इंटरनेट नहीं पहुंचाया होता तो कोरोना महामारी से उपजी चुनौतियों से निपटना कितना मुश्किल होता, इसका अंदाजा हम सहज ही लगा सकते हैं। चाहे घर बैठे जरूरत के सामान ऑर्डर करने की बात हो या उस ऑर्डर को फॉलो करते हुए घर की दहलीज तक उन सामानों को पहुंचा जाने की, और घर के ही एक कमरे को ऑफिस और दूसरे कमरे को बच्चों का क्लासरूम बनाने की बात हो या विडियो कॉल के जरिए पेशंट को देख, उसकी परेशानी समझ कर दवाएं देने की। उस दौरान पूरी जिंदगी मानो इंटरनेट के ही सहारे संचालित हो रही थी। मगर 4जी के जरिए उपलब्ध हो रही सेवाओं में बाधाएं भी कम नहीं थीं। कहीं नेटवर्क मौजूद नहीं रहता था, तो कहीं कमजोर नेटवर्क के चलते काम होते होते रह जाता था। अब 5जी के तहत हमें इंटरनेट की तेज स्पीड तो मिलेगी ही, इन सेवाओं के कई नये आयाम भी हमारे सामने खुलेंगे। ऐसे कुछ संभावित बदलावों का शनिवार को ही प्रदर्शन भी हो गया। 5जी कैसे दूरी और समय के कॉन्सेप्ट को बदल देने की क्षमता रखता है, इसका उदाहरण यह देख कर मिला कि प्रधानमंत्री ने दिल्ली में बैठे-बैठे उस कार को ड्राइव किया, जो स्वीडन में थी। हालांकि इन सुविधाओं को जनसामान्य के स्तर तक पहुंचने में थोड़ा वक्त लगेगा, लेकिन जिस तेजी से देश में इंटरनेट का विस्तार हुआ है- 2014 में 25 करोड़ इंटरनेट यूजर वाले इस देश में आज 85 करोड़ यूजर हैं- उसे ध्यान में रखें तो आने वाले समय में काम धंधों के स्वरूप और उसे लोगों तक पहुंचाने के ढंग में ही नहीं, उसके जरिए हमारे रोजाना के कामकाज निपटाने के तरीके में भी आमूल बदलाव होने वाले हैं। लेकिन इसके साथ इस बात का भी खयाल रखना होगा कि यह सेवा सस्ती हो, ताकि देश की अधिक से अधिक आबादी इसका फायदा उठा सके।

**5जी कैसे दूरी और समय के कॉन्सेप्ट को बदल देने की क्षमता रखता है, इसका उदाहरण यह देख कर मिला कि प्रधानमंत्री ने दिल्ली में बैठे-बैठे उस कार को ड्राइव किया, जो स्वीडन में थी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**गांधी जी सत्य और अहिंसा को एक सिक्के के दो पहलू मानते थे। जब मनुष्य सांसारिक आकर्षणों से ऊपर उठता है, ह्रदय को पवित्र बनाता है, भय और अभिमान को छोड़ता है। कपट और छल के प्रति घृणा करता है और मन, वचन और कर्म से हिंसा नही करता, तभी उसको अहिंसा का ज्ञान प्राप्त होता है। वह चाहते थे कि विश्व में जाति, धर्म, वैभव, शक्ति, वर्ग, राष्ट्र आदि को बंधन भावना से व्यक्तियों को समाज बनाना चाहिए।**

# शांतिदूत महात्मा गांधी का राष्ट्रधर्म: शिक्षा का मर्म




**प्रो सुरेश प्रसाद सिंह**

1. गांधी दर्शन की मूल चेतना, दया, करुणा, प्रेम सत्य, अहिंसा, सर्वोदय

2. महात्मा गांधी शांति दूत के रूप में इस धरती पर अवतरित हुए। अमेरिकन फादर संत जॉन ने कहा थाः जीसी क्राइस्ट के पश्चात गांधी जी ही वे महापुरुष थे, जो पूरी दुनिया में मशहूर हुए। गांधी जी एक महान संत, तपस्वी, गरीबों के मसीहा, समाज सुधारक, सामाजिक न्याय के पक्षधर, स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत और एक महान शिक्षाविद के रूप में याद किये जाते हैं। उनके त्याग, तपस्या और बलिदान के कारण ही भारतवासी उन्हें राष्ट्रपिता कह कर याद करते हैं। श्रद्धा और आदर से बहुत लोग उन्हें बापू भी कहा करते थे। गांधी जी मूल रूप से एक धार्मिक व्यक्ति हैं। उन्हें अनिवार्य रूप से मानव जाति की एकता में विश्वास है। हम एक सर्वोच्च के बच्चे हैं चाहे हमारी जाति या लिंग, पंथ या देश कुछ भी हो। हर धार्मिक व्यक्ति का मानना है कि उनकी पूरी मानवता के साथ मेहरबानी है।

3. मानवतावाद के प्रमुख, भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एक विश्वविख्यात राजनीतिक नेता और समाज सुधारक के अतिरिक्त एक महान शिक्षा शास्त्री भी थे। इस महान व्यक्ति ने अपने ज्ञान, चिंतन, मनन और अनुभव के आधार पर एक नयी शिक्षा प्रस्तुत की, जिसे हम बुनियादी शिक्षा के नाम से जानते हैं। इस शिक्षा दर्शन में सर्वोदय समाज और जन कल्पना की अवधारणा निहित है। भारत सरकार की एनइपी लागू हो गयी है, जिसमें व्यावहारिक शिक्षा इनक्लूसिव एडुकेशन पर बल दिया गया है, जिसकी परिकल्पना महात्मा गांधी ने अपनी बुनियादी शिक्षा में बहुत पहले की थी।

**गांधी जी शिक्षा के माध्यम से महिलाओं की मुक्ति में विश्वास रखते थे।**



**महात्मा गांधी शिक्षा का एकमात्र उद्देश्य मानव जीवन का सर्वांगीण विकास मानते थे। उन्होंने लिखा है- शिक्षा से तात्पर्य है- शिशु एवं मानव के शरीर, मन एवं आत्मा में निहित सर्वश्रेष्ठ तत्वों का विकास। वह मानते थे कि सच्ची शिक्षा वही है, जो विद्यार्थियों की आध्यात्मिक, मानसिक तथा शारीरिक शक्तियों को विकसित करती है।**

शिक्षा शास्त्री महात्मा गांधी के संबंध में एमएस पटेल ने कहा है कि गांधी जी को उन महान शिक्षकों में अनोखा स्थान प्राप्त है, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नयी ज्योति प्रदान की।

ग्रीन ने स्पष्ट शब्दों में लिखा है कि आधुनिक शिक्षा-सिद्धांत का प्रारंभिक बिंदु परंतु सत्य है कि गांधी जी ही शिक्षा सिद्ध और व्यवहार के प्रारंभिक बिंदु हैं। गांधी जी के अनुसार शिक्षा, सत्य अंहिसा, निर्भयता, सेवा की प्राप्ति के लिए साधन है।

4. शिक्षक महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा और विश्व शांति के पुजारी थे। वे वसुधैव कुटुम्कम के सिद्धांत पर विश्वास रखते थे। उनके लिए सत्य ईश्वर है और ईश्वर सत्य है। गरीबों की सेवा ईश्वर की सेवा है, क्योंकि ईश्वर जीवन, सत्य और प्रकाश है। इस तरह हम देखते हैं कि गांधी जी अद्वैतवाद के पोषक हैं, उन्हें ईश्वर के एकत्व में पूर्ण विश्वास है। गांधी जी ने कहा था कि ज्ञान और कर्म का घनिष्ठ संबंध है। कोई भी व्यक्ति कितना भी ज्ञानी क्यों न हो, कर्म के बिना सब व्यर्थ है। ज्ञान और कर्म एक दूसरे के पूरक हैं। कोई भी ज्ञान और कर्म के अभाव में सुदृढ़ नहीं हो सकता। उन्होंने ईश्वर को ही सत्य माना है और कहा है कि केवल ईश्वर ही सत्य है, संसार माया है, सृष्टि के परिवर्तन में केवल वहीं स्थिर है।

गांधी जी सत्य और अहिंसा को एक सिक्के के दो पहलू मानते थे। जब मनुष्य सांसारिक आकर्षणों से ऊपर उठता है, ह्रदय को पवित्र बनाता है, भय और अभिमान को छोड़ता है। कपट और छल के प्रति घृणा करता है और मन, वचन और कर्म से हिंसा नहीं करता, तभी उसको अहिंसा का ज्ञान प्राप्त होता है। वह चाहते थे कि विश्व में जाति, धर्म, वैभव, शक्ति, वर्ग, राष्ट्र आदि को बंधन भावना से व्यक्तियों को समाज बनाना चाहिए।

**कवि सुमित्रानंनदन पंत :** मनुष्यत्व का तत्व सिखाता, निश्चय हमको गांधीवाद, सामूहिक जीवन विकास की सभ्य योजना है अविवाद

6. महात्मा गांधी शिक्षा का एकमात्र उद्देश्य मानव जीवन का सर्वांगीण विकास मानते थे। उन्होंने लिखा है- शिक्षा से तात्पर्य है- शिशु एवं मानव के शरीर, मन एवं आत्मा में निहित सर्वश्रेष्ठ तत्वों का विकास। वह मानते थे कि सच्ची शिक्षा वही है, जो विद्यार्थियों की आध्यात्मिक, मानसिक तथा शारीरिक शक्तियों को विकसित करती है। वह चाहते थे कि शिक्षा द्वारा मनुष्य के शरीर, मस्तिष्क, ह्रदय तथा आत्मा की सारी शक्तियां पूर्ण रूप से विकसित हों। उन्होंने अपने शिक्षा दर्शन में नैतिकता और चरित्र निर्माण पर बल दिया है।

हरिजन 1934 में उन्होंने लिखा है- मनुष्य के दो विवेक नहीं हो सकते। एक व्यक्ति और सामाजिक और राजनीतिक। मानव गतिविधि के सभी क्षेत्रों में समान नैतिकता का पालन किया जाना था। इस प्रकार हम देखते हैं कि उनका शिक्षा-दर्शन पाश्चात्य देशों के संतो और शिक्षाविदों से भी मिलता जुलता है। महात्मा गांधी स्त्री सशक्तिकरण और स्त्री शिक्षा के हिमायती थे। पुरुष प्रधानता की वजह से महिला शिक्षा की जो दुर्दशा हुई उसका गांधीजी को भली भांति ज्ञान था। जब तक भारत की महिलाएं शिक्षित नहीं होंगी, तब तक भारत का विकास असंभव है। उन्होंने कहा था कि एक आदमी को पढ़ाओगे तो एक व्यक्ति शिक्षित होगा। एक स्त्री को पढ़ाओगे तो पूरा परिवार शिक्षित होगा। गांधी जी शिक्षा के माध्यम से महिलाओं की मुक्ति में विश्वास रखते थे। उनकी बुनियादी शिक्षा में स्त्री शिक्षा का प्रावधान था। मनु ने भी कहा है कि जहां स्त्री का सम्मान होता है, वहां देवता निवास करते हैं। भरतीय नारी की क्षमता किसी भी उन्नतशील देश की नारी से कम नहीं है। अंतर केवल इतना ही है कि जहां विकसित देशों में नारियों को पुरुषों के समान बराबर अवसर प्राप्त है, वहीं भरतीय नारियों में अवसर की कमी है। संविधान में समान अधिकार दिये गये हैं,लेकिन व्यवहार में नहीं है। उनका विचार था कि अधिक से अधिक बालिका विद्यालय खोलें जायें।

नारी तुम केवल श्रद्धा हो, विश्वास रजत नग, पग तल में पियुस श्रोत सी बहा करो, जीवन के सुंदर समतल में ...जयशंकर

**(लेखक : पूर्व कुलपति, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# रंजीत सिंह की गोली मार कर हत्या की, जांच में जुटी पुलिस

## अपराधियों की पहचान हो गयी है : एसएसपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** टेल्को थाना अंतर्गत सबुज कल्याण संघ के दुर्गा पूजा पंडाल के समीप अपराधियों ने रंजीत सिंह उर्फ रंजीत सरदार की गोली मार कर हत्या कर दी। रंजीत पर उस वक्त हमला किया गया, जब वह अपनी बेटी को दुर्गा पूजा घुमाने के लिए टेल्को के सबुज कल्याण संघ स्थित पूजा पंडाल गया था। अपराधियों ने पहले रंजीत से बातचीत की और फिर उसकी 13 साल की बेटी को पकड़ लिया। जब रंजीत उसे बचाने गया, तो उस पर फायरिंग कर दी गयी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गये, जबकि आसपास में पुलिस के जवान तैनात थे। सूचना पाकर परिजन घटना स्थल पहुंचे और घायल पड़े रंजीत को तत्काल टीएमएच लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। रंजीत की बेटी तरण कौर ने पुलिस को बताया कि वह अपने पापा (रंजीत) और एक साथी के साथ घर से दुर्गा पूजा घूमने निकली थी। सबुज कल्याण संघ के पास दो बाइक पर सवार होकर चार की संख्या में युवक आये और पापा से बातचीत करने लगे। इसी बीच उनमें से एक ने उसे पकड़ लिया और अपने साथ ले जाने लगा। जब पापा उसके पीछे आये और ले जाने से मना किया, तो उन पर गोली चला दी। पुलिस के अनुसार रंजीत आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था। रंजीत को पुलिस ने अप्रैल 2021 में परसुडीह से हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। इसके अलावा वह कई मामलों में जेल में बंद था। 22 सितंबर को ही वह जेल से बाहर आया था। घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है। सूत्रों के अनुसार गणेश सिंह ने अमरनाथ सिंह गिरोह के सदस्य रंजीता सिंह उर्फ रंजीत सरदार की हत्या की है। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि यह घटना पंडाल में नहीं हुई है और नहीं इसका दुर्गा पूजा पंडाल से कोई संबंध है। रंजीत सिंह एक कुख्यात अपराधी था, जो 22 सितंबर को जेल से निकला था। घटना में शामिल अपराधकर्मी की पहचान हो गयी है। उन्हें पकड़ने के लिए छापामारी की जा रही है।

# टेल्को के आस्था ट्विन सिटी में श्रद्धालुओं ने की मां की आराधना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** टेल्को आस्था ट्विन सिटी स्थित एटीसी नवोदय दुर्गा पूजा कमेटी के पूजा पंडाल का पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की आराधना की। मौके पर अतिथि सुंदर सिंह द्वारा मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर सभी श्रद्धालु के लिए सुख शांति की कामना किया। मौके पर कमेटी के सदस्यों द्वारा आयोजित संगीत एवं भजन संध्या में स्थानीय लोग शामिल रहे। इस दौरान बच्चों के लिए कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुंदर सिंह ने कहा कि जब आस्था अपरंपार हो और मां का आशीर्वाद हो तो स्थान, स्थिति और परिस्थितियों से आगे बढ़कर भव्य माहौल का निर्माण स्वयं हो जाता है। इस पावन अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष एमएम दास, महासचिव संजय पांडे, कोषाध्यक्ष नीतीश कुमार, चितरंजनसाहू, आरके पांडे, मृणमोय रॉय, अजीत प्रसाद, मनीष तिवारी,राकेश त्रिपाठी, शमनीष अग्रवाल, गिरिजा निराला, अशोक सिन्हा, संतोष झा, महेश शरण,रमेश सिंह,अनिल शर्मा एवं आस्था परिवार ने मां से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# चाकुलिया में विधायक समीर महंती ने सपरिवार की महाअष्टमी की पूजा



**चाकुलिया (आजाद सिपाही)।** चाकुलिया नगर पंचायत क्षेत्र के शिल्पी महल सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा की जा रही है। मां दुर्गा की पूजा पंडाल में सोमवार को महा अष्टमी की पूजा में विधायक समीर महंती अपने पूरे परिवार के साथ शामिल हुए। विधायक श्री महंती ने मां की पूजा कर क्षेत्र के लोगों के लिए सुख शांति और समृद्धि के लिए कामना की। इस अवसर पर उन्होंने सभी पूजा कमेटी सदस्य को पूजा की शुभकामनाएं दी। पूजा करने के पश्चात विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में जाकर मां की दर्शन कर श्रद्धा पूर्वक पूजा की।

# जमशेदपुर ने खो दिया एक उम्दा कलाकार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के वरिष्ठ रंगकर्मी कुलदेव महतो का देहांत हो जाने से कलाकारों में काफी मायूसी है। कुलदेव महतो काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। सोमवार को जमशेदपुर के तमाम कलाकार गण उनके देहांत होने पर उनके प्रति शोक संवेदना व्यक्त किया। ज्ञात हो कि स्वर्गीय कुलदेव महतो कई सांस्कृतिक मंचों के साथ कार्य किया है। उन्होंने जात्रा से लेकर नुक्कड़ नाटक तक, हर क्षेत्र में काम किया है। उनके देहांत होने से जमशेदपुर के कलाकार शोकाकुल हैं। सभी ने उनके साथ जुड़ी पुरानी यादों को स्मरण करने लगे। उन्होंने लोक नाटकों में संगीत देने से लेकर उन नाटकों के लिए ड्रेस डिजाइन करने तक का काम किया करता था। कई फिल्मों में उन्होंने हास्य कलाकार के रूप में अभिनय किया था। उनके अवधारणा पर बनी फिल्म सात बोहनी इन दिनों झारखंड, ओडिशा और बंगाल में कई जगहों में प्रदर्शित हो रही है। उसमें भी उन्होंने बतौर कलाकार के रूप में काम किया है।

# सरायकेला के सरकारी दुर्गा मंदिर में हुई महाअष्टमी पूजा

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला पुराना बस स्टैंड स्थित श्रीश्री सरकारी दुर्गा पूजा मंडप में सोमवार को महाष्टमी की पूजा-अर्चना की गयी। पूजा में बतौर यजमान सरायकेला के एसडीओ रामकृष्ण कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर पुजारी पंडित गोपाल कृष्ण होता द्वारा मंत्रोच्चार के बीच मां दुर्गा के आंठवे स्वरूप माता की विधि- विधान के साथ आह्वान करते हुए पूजा अर्चना की गयी। जानकारी हो कि मर्जर एग्रीमेंट के तहत सरायकेला में सरकार द्वारा वर्ष 1954 से मां दुर्गा की वार्षिक पूजन उत्सव कराने की परंपरा रही है। मौके पर सीओ सुरेश प्रसाद, बीडीओ मृत्युंजय कुमार, कला केंद्र के सेवानिवृत्त निदेशक तपन पट्टनायक एवं विजय साहू समेत अन्य उपस्थित थे। इधर जिले के सभी पूजा पंडालों में महाष्टमी के मौके पर सोमवार को शक्ति की देवी मां दुर्गा की पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

# खरसावां में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने की पूजा, मां का लिया आशीर्वाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खरसावां।** केंद्र सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा महाअष्टमी के दिन खरसावां एवं कुचाई के विभिन्न दुर्गा मंदिरों एवं पंडालों में पहुंच कर देवी महागौरी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा ने श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा अरूवां कुचाई, सेवा संघ पूजा समिति तलसाई खरसावां, श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति बेहरासाई, श्रीश्री आमदा ठाकुरबाड़ी पूजा समिति, ज्ञान मंदिर पूजा समिति नयाबजार आमदा, सरकारी दुर्गा मंदिर खरसावां, रेलवे कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति राजखरसावां के पूजा पंडालों का भ्रमण कर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। साथ ही मां का आशीर्वाद लिया।

मौके पर श्री मुंडा ने कहा कि दुर्गा पूजा शक्ति और ऊर्जा को समर्पित त्योहार है। दुर्गा मां जननी, सृजनकर्ता है और उनके माध्यम से ही विश्व में ऊर्जा का संचार होता है, जिस प्रकार माता दुर्गा ने आसुरी शक्तियों का विनाश किया था, उसी प्रकार उन्होंने कोरोना से भी भक्तों को बचाया है।

केंद्रीय मंत्री ने खरसावां-कुचाई वासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं भी दी और शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील की। इस दौरान मुख्य रूप से खरसावां के पूर्व विधायक मंगल सिंह सोंय, दुलाल स्वासी, सुशील सारंगी, मंगल सिंह मुंडा उपस्थित थे।

## जमशेदपुर की उपायुक्त ने दंडाधिकारियों के साथ की बैठक

# विधि व्यवस्था, यातायात, पंडालों में अग्नि सुरक्षा और साफ-सफाई की समीक्षा कर दिये निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** परिसदन जमशेदपुर में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव द्वारा सुपर जोनल एवं जोनल दंडाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्ति स्थल पर ससमय उपस्थिति तथा मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिये। गौरतलब है कि 2 अक्टूबर की देर रात्रि जिला उपायुक्त द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों का पंडाल भ्रमण किया गया था। इस दौरान उन्होने कई मुख्य मार्गों एवं चौक चौराहों पर ठेला-खोमचा लगाये जाने के कारण बाधित पायी गयी। यातायात व्यवस्था के संबंध में पुलिस उपाधीक्षक यातायात को निर्देशित किया कि मुख्य सड़कों में जाम की समस्या नहीं हो, इसको लेकर ठेला-खोमचे वालों को सड़क से हट कर लगवायें, कोई वाहन अगर सड़क पर खराब होता है तो तत्काल उसे हटायें। वाहनों की पार्किंग निर्धारित स्थल पर ही हो ताकि यातायात व्यवस्था को रेग्यूलेट करने में परेशानी नहीं हो. साथ ही पूजा कमेटियों एवं प्रतिनियुक्त वॉलंटियर से भी सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का सहयोग करने की बात कही गयी। बैठक में सुपर जोनल एवं जोनल दंडाधिकारियों से पिछले दो दिनों में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर फीडबैक लिया गया तथा कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिया। जिला उपायुक्त ने कहा कि पंडालों में अग्नि सुरक्षा की नियमित जांच करें तथा साफ-सफाई अभियान संचालित करने के निर्देश दिया। संवेदनशील-अतिसंवेदनशील स्थलों पर विशेष सावधानी बरतने का निदेश देते हुए महिला सुरक्षा को लेकर भी असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के निर्देश दिया। बैठक में एसडीएम धालभूम संदीप कुमार मीणा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नंदकिशोर लाल, अपर उपायुक्त सौरभ सिन्हा, निदेशिक एनइपी ज्योत्सना सिंह, डीसीएलआर रविंद्र गागराई, जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ रजनीकांत मिश्रा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा : जिला मुख्यालय में बिखरी दुर्गोत्सव की सतरंगी छटा

# पूजा पंडालों में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु


नवादा जय मां दुर्गा पूजा समिति का पंडाल


जय मां शेरावाली संघ के पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा


गढ़देवी मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा


जय मां शेरावाली संघ भागलपुर में बना पूजा पंडाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय में शारदीय नवरात्र के सप्तमी, अष्टमी तिथि अस्त होते सूर्य की लालिमा के साथ दुर्गोत्सव की सतरंगी छटा चंहू ओर छा गयी है।

रविवार की शाम शहर के कई पूजा पंडालों के पट अनावरण के बाद आम भक्तों के लिए खोल दिए गये। विभिन्न प्रारूपों को जीवंत करते पंडालों से जैसे ही पर्दा हटा मां का आदमकद स्वरूप साकार हो उठा। दर्शन को उमड़े श्रद्धालु मैया का दर्शन पा निहाल हुए कोई जयकारा लगाया तो कोई शीश झुका कर शेरावाली से आशीष मांगा। जैसे-जैसे रात बढ़ती गयी भीड़ भी बढ़ती गई। भक्त आते पंडाल और विद्युत सजावट की खूबसूरती को सराहते मां का दर्शन कर भक्ति के मेले में खो जाते। देर रात तक शहर के लगभग सभी पूजा पंडालों में कुछ ऐसा ही नजारा रहा। लोगों को एक तो दो साल बाद दुर्गोत्सव में शामिल होने का मौका मिल रहा है।

## महाअष्टमी पर दीपदान कर श्रद्धालुओं ने की महागौरी की आराधना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नवरात्रि की महाअष्टमी पर सोमवार को मां दुर्गा के महागौरी रूप की पूजा की गई। भक्तों ने उपवास रखकर माता का जागरण किया। ऐसी मान्यता है कि मां दुर्गा के सभी रूपों में महागौरी का रूप सबसे उत्तम रूप माना जाता है। महाअष्टमी पर सोमवार की दोपहर 3:59 पर पूजन पाठ आरती और पुष्पांजलि कर दीपदान किया गया। दीपदान के दौरान काफी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सभी पूजा पंडालों में महिलाओं की भीड़ जुटी। गढ़वा जिला मुख्यालय में मां गढ़देवी मंदिर सहित सभी पूजा पंडालों में स्थानीय श्रद्धालु माता एवं बहनों ने महाअष्टमी पर दीपदान कर शीश झुकाया व मां दुर्गे से आशीर्वाद मांगा। मां गढ़देवी मंदिर के सभी पदाधिकारियों की विशेष निगरानी के बीच सैकड़ों की संख्या में उपवास रखी माताएं बहनों ने दीपदान किया। वहीं जिला मुख्यालय के नवादा में मां दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों द्वारा दीपदान कार्यक्रम को सफल कराया गया। जबकि जय मां शेरावाली संघ भागलपुर मोहल्ले में जय मां शेरावाली संघ के पदाधिकारी के निगरानी में दीपदान कराया गया। वहीं नवरात्र को लेकर गढ़वा जिला पुलिस प्रशासन के द्वारा शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए गढ़देवी मंदिर सहित चौक-चौराहा एवं पूजा पंडालों में जवानों की तैनाती की गई है।

## विधायक भानु ने चार पंचायतों की पूजा कमेटियों को किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने सोमवार को चार पंचायतों हरिहरपुर, मझिगांवा, लोहरगड़ा, डुमरसोता के सभी 28 जगहों पर हो रहे दुर्गा पूजा के कमेटी को अंगवस्त्र व शस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व विधायक शाही ने डगर गांव में दुर्गा मंडप पहुंच कर पूजा अर्चना कर मां दुर्गा से क्षेत्र की खुशहाली की दुआ मांगी। उसके बाद डगर दुर्गा पूजा कमेटी ने विधायक शाही को मां दुर्गे की तस्वीर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उसके बाद सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हर हिन्दू परिवार हर घर में हो एक तलवार। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए हर घर में तलवार होना जरूरी है। भानु ने कहा कि राज्य में महिलाओं के साथ बलात्कार की घटना बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में हर महिलाओं को मां दुर्गे का रूप धारण कर रावण रूपी अत्याचारी का अंत करना जरूरी है। मौके पर मंडल अध्यक्ष बिनोद बिहारी दुबे, सांसद प्रतिनिधि सूर्यदेव सिंह, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, दृष्टि यूथ ऑर्गनाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर, अनिल चौबे, सुनील सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।


मां गढ़देवी मंदिर में महाष्टमी के दीपदान पूजा में शामिल महिला श्रद्धालु


नगवां मुहल्ला शिव शक्ति संघ का पूजा पंडाल

## ऑटो सवार को सुनसान जगह पाकर गर्दन पर धारदार चाकू से किया हमला, स्थिति गंभीर

**हमलावर को पुलिस और पब्लिक ने दौड़ाकर दबोचा, जांच में जुटी पुलिस**

**घटना से मेराल के लोगों में काफी रोष व्याप्त है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** गढ़वा से मेराल के लिए ऑटो पर बैठे एक सवारी के बगल में बैठा अनजान व्यक्ति धारदार चाकू से दूसरे सवार के गर्दन पर ताबड़तोड़ हमला कर ऑटो से उतरकर भागने लगा। जिसे ग्रामीणों तथा पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर दबोच लिया।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ से अपने घर लौट रहे मेराल थाना मुख्यालय के चरका पत्थर निवासी अमानुल्लाह अंसारी 45 वर्ष, पिता स्व. सुलेमान अंसारी सोमवार के करीब 4 बजे गढ़वा से मेराल आने के लिए ऑटो पकड़े थे। जिसमें अन्य सवारी भी सवार थे। अमानुल्लाह के बगल में बैठा अज्ञात व्यक्ति ने मेराल थाना से एक किलोमीटर पहले नेनुआ मोड़ के समीप धारदार हथियार से गर्दन पर हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया तथा ऑटो से उतारकर भागने लगा। हमला कर भाग रहे हमलावर को ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ कर पुलिस थाना लाकर पूछताछ कर रही है। घायल अमानुल्लाह को तत्काल मेराल सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना से मेराल के लोगों में काफी रोष व्याप्त है।

### हमलावर पकड़ा गया है जल्द ही मामले का करेंगे पदार्फाश : थाना प्रभारी

घटना के संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि हमलावर को पकड़ने के बाद थाना लाकर पूछताछ की जा रही है जल्द ही मामले का पदार्फाश किया जाएगा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हमलावर गढ़वा सदर थाना क्षेत्र के दुबे मरहटीया का रहने वाला है।

## दुर्गा पूजा स्थल पर महाभारत देखने गयी नाबालिग से गैंगरेप

**पुलिस ने केस दर्ज करने के एक घंटे के अंदर दो आरोपियों को गिरफ्तार जेल भेजा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गढ़वा जिले के चिनिया में एक नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस घटना को दो लोगों ने अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। उधर, पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। शनिवार रात गांव में दुगार्पूजा स्थल पर महाभारत धारावाहिक दिखाया जा रहा था। रात 12 बजे जब धारावाहिक खत्म हुआ तो घर जाने के दौरान नाबालिग को दो लड़कों ने जबरन उठा लिया और वहां से 200 मीटर दूर ले जाकर दुष्कर्म किया। सुबह चार बजे लड़की को यह धमकी देकर छोड़ा कि अगर किसी को घटना की जानकारी दी तो हत्या कर दी जायेगी। रविवार को पीड़िता ने थाने में नामजद केस दर्ज कराया। पुलिस ने केस दर्ज करने के एक घंटे के अंदर आरोपियों को धर दबोचा, जिसके बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसे जब जबरन ले जाया जा रहा था, तब वहां पूजा समिति के पांच-छह लोग भी थे, पर किसी ने नहीं बचाया। मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में दोनों ने दुष्कर्म में संलिप्तता स्वीकार कर ली है।

## दस वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म, नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला धुरकी थाना क्षेत्र के एक गांव में 10 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी पीड़ित बालिका के गांव का ही एक नाबालिग किशोर है। दोनों एक ही समुदाय के हैं। बताया जा रहा है कि नाबालिग बालिका के साथ 25 सितंबर को घटना घटित हुई है, लेकिन पीड़ित बालिका के पिता के बाहर रहने के कारण यह मामला सोमवार को दर्ज हुआ है। सोमवार को धुरकी थाना के बाल मित्र पुलिस पदाधिकारी ने नाबालिग बालिका का सदर अस्पताल में मेडिकल कराया है। वहीं आरोपित नाबालिग को हिरासत में लेते हुए बाल सुधार गृह में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित लड़की के पिता पड़ोसी राज्य के एक मदरसे में पढ़ाते हैं। बताया गया कि 25 सितंबर 2022 को यह घटना उस समय हुई, जब 10 वर्षीय बालक अपने गांव में हम उम्र बालकों के साथ खेल रहा था। तब आरोपित ने वहां पहुंचकर बालक को पैसे की लालच देकर अपने साथ चलने को कहा। इसके बाद उसे आसपास के ही अरहर की खेत में ले जाकर दुष्कर्म करने लगा। बताया गया कि पीड़ित बालिका के रोने-चिल्लाने पर आसपास के बालक दौड़कर वहां गये, तब तक आरोपित वहां से भाग गया। इधर, पीड़ित लड़की के पिता ने बताया कि घर आने के बाद जब वह आरोपित किशोर के घर जाकर पूछताछ करने लगा तो उसके परिवारवालों ने उसके साथ भी मारपीट की है। इसके बाद उसने धुरकी थाना में जाकर मामला दर्ज करा दिया।

## जय भवानी संघ के पंडाल में सोने-चांदी के आभूषण से होता है माता का श्रृंगार



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जय भवानी संघ संगत मोहल्ला का पंडाल जहां मां का श्रृंगार सोने और चांदी के आभूषण से किया जाता है। रविवार की श्रद्धालुओं के लिए पट खोल दिया गया है। जय भवानी संघ इस बार 34वें दुर्गा पूजा का आयोजन कर सभी झारखंड वासियों का हार्दिक अभिनंदन करता है।

## जिप सदस्य ने विधायक पर जारी दिशा निर्देश के उल्लंघन का लगाया आरोप



**बिशनपुरा (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद सदस्य शंभू राम चंद्रवंशी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही पर झारखंड सरकार के प्रधान सचिव के जारी दिशा निर्देश का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। उन्होंने विधायक भानु प्रताप शाही पर आरोप लगाते हुए कहा है कि दिनांक 1 अक्टूबर 2022 को प्रखंड बिशनपुरा के अमहर खास पंचायत में एकल ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना का शिलान्यास बिना स्थानीय जनप्रतिनिधि के सूचना दिये कर दिया गया। वहीं शीला पट पर स्थानीय जनप्रतिनिधि का नाम भी अंकित नहीं किया गया। उन्होंने विभाग को आगाह करते हुए कहा कि सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करें एवं पंचायत प्रतिनिधि के सम्मान का ख्याल करते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों का नाम अंकित किया जाये। अन्यथा सभी जनप्रतिनिधि जन आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## कार्यक्रम : संग्रहे खुर्द में आरती एवं मल्लाह टोली में हुआ रामलीला का उदघाटन

# गांव के विकास के लिए आपसी भाईचारा और शिक्षा जरूरी : डॉ जुली

**पूजा-पाठ हमारे जीवन का हिस्सा हैं और इसमें हम सबों को आस्था रखनी चाहिए : डॉ कुलदेव चौधरी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर प्रखंड अंतर्गत संग्रहे खुर्द पंचायत के झपहा टोला में मां दुर्गे की आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन शामिल थे। आरती कार्यक्रम में पहुंचे महर्षि वेद व्यास परिषद विद्वत प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि पूजा-पाठ हमारे जीवन का हिस्सा हैं और इसमें हम सबों को आस्था रखनी चाहिए। क्योंकि मन को स्वच्छ एवं एकाग्र रखने में पूजा बहुत बड़ा आधार है।

वहीं दूसरी तरफ विश्रामपुर प्रखंड के मल्लाह टोली में रामलीला कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन चौधरी जेनरल हॉस्पिटल के निदेशक सह डेंटल सर्जन डॉ जुली कुमारी, विश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास एवं महर्षि वेद व्यास परिषद विद्वत प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

डॉ जुली कुमारी ने सभी लोगों को नवरात्र एवं दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी के बारे में रामायण, रामचरित्र मानस एवं रामलीला जैसे कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को बताया जाता है। अगर भगवान श्री राम के चरित्र को अवलोकन करते हुए जीवन में उतारा जाये तो जिंदगी काफी सरल हो जाएगी। आज की भाग दौड़ की जिंदगी में मन को शांत रखना बहुत जरूरी है, नहीं तो कई तरह की बीमारियां चपेट में ले लेंगी। उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए आपसी भाईचारा, प्रेम-भाव एवं शिक्षा बहुत जरूरी है। जब किसी गांव से कोई व्यक्ति पढ़-लिख कर ऊंचे मुकाम पर पहुंचता है तो सिर्फ घर-परिवार नहीं बल्कि पूरे समाज और देश का नाम रौशन होता है और दूसरे लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन जाता है। इसलिए सोच को बदलना चाहिए ताकि शिक्षा के लिए अमीरी-गरीबी बाधक न बने।

वहीं विश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास ने अपने क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव सहयोग करने की इच्छा जतायी और कहा कि हमने लगातार इस गांव के बेहतरी के लिए चिंतन किया है। इस गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए कोई रास्ता नहीं है, यह एक बहुत बड़ी समस्या है, जिसे बहुत जल्द समाधान करने का प्रयास करूंगा ताकि ग्रामीण एवं मरीजों को आने-जाने में कोई असुविधा ना हो।

कार्यक्रम में पहुंचे महर्षि वेद व्यास परिषद विद्वत प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि रामलीला से पहले पूजा पंडाल में कई दिनों से महात्मा प्रभु चौधरी हरिदास जी के द्वारा प्रवचन चल रहा था, जो इसी गांव के ही निवासी हैं। उन्होंने लोगों को अपने विचारों से कभी हंसाया तो कभी भावुक भी किया। जहां तक कि रामलीला कार्यक्रम की बात है तो इसमें कई अलग-अलग किरदार में गांव के ही कलाकारों ने सबका दिल जीत लिया। मुझे अपने गांव पर गर्व है कि इस मिट्टी ने हमारे जैसे डॉक्टर, अधिकारी और कलाकारों को जन्म दिया। मंच संचालन शिक्षक अमित कुमार सिंह ने किया। मौके पर युवा जागृति सेवा मंच के संस्थापक एवं वीआईपी पार्टी के प्रदेश सचिव बचनदेव चौधरी, महर्षि वेद व्यास परिषद के जिला कोषाध्यक्ष संतोष चौधरी, अभियंता प्रदीप चौधरी, बैजनाथ चौधरी, रामाशीष चौधरी, संतोष विश्वकर्मा, अमरनाथ चौधरी, केदार चौधरी, निरंजन कुमार, उमेश चौधरी, बचन चौधरी, विजय चौधरी, कृष्ण कुमार चौधरी, विनय राम आदि उपस्थित थे।

## धान खेत में पटवन के दौरान करंट से ग्रामीण की मौत

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत खाला पंचायत के सरईदाहा टोला निवासी मुस्तफा अंसारी की मौत 440 विद्युत स्पर्शाघात की चपेट में आने से सोमवार को हो गई। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मुस्तफा अंसारी नित दिनचर्या की तरह सोमवार को वाटर पंप मोटर से अपने धान की फसल में पानी पटा रहा था इसी दौरान पानी पटाने के बाद वह नहाने की तैयारी कर रहा था, तभी अचानक मोटर में करंट प्रवाहित तार का स्पर्श खेत में भरे पानी में हो गया। तभी वह खेत में गया और 440 करंट के स्पर्श में आ गया और खेत में ही तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। जब लोगों की निगाह मुस्तफा पर पड़ी तो आनन-फानन में उठाकर सीएचसी धुरकी मे भर्ती कराया, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने मुस्तफा को मृत घोषित कर दिया। इस दौरान पीएसआइ राजवल्लभ कुमार, मुखिया महबूब अंसारी, मुखिया प्रतिनिधी साबीर अंसारी, शशि कमलापुरी अनवर अंसारी, अफजल अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## भवनाथपुर पुलिस ने पांच मवेशियों के साथ दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो एवं पुअनी कुंदन कुमार यादव ने सशस्त्र पुलिस बल के साथ मिली गुप्त सूचना पर सोमवार की सुबह थाना क्षेत्र के करमाही गांव के जंगल के रास्ते तस्करी के लिए ले जा रहे पांच मवेशियों को जब्त करते हुए इसमें संलिप्त दो पशु तस्करो को पकड़ कर थाना लाया। पकड़े गए पशु तस्करो में भवनाथपुर थाना क्षेत्र के चपरी के धर्मेन्द्र साह एवं सरईया गांव के देवधारी साह का नाम शामिल हैं। स्थानीय थाने में उक्त दोनों तस्करों के विरुद्ध पशु अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गढ़वा जेल भेज दिया गया। जबकि पुलिस द्वारा जब्त मवेशियों को थाना में ही ग्रामीणों के बीच बांट दिया गया।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 04 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


**दुर्गा पूजा : पिपरवार के पूजा पंडालों में महाअष्टमी को हुई महागौरी की अराधना**

# महाअष्टमी को बारिश में भी मां दुर्गा के दर्शन को पूजा पंडालों में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोयलांचल और आस पास के इलाकों में दुगार्पूजा को लेकर पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। कोयलांचल क्षेत्र के सभी पूजा पंडालो में नवरात्र के आठवें दिन महाष्टमी को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की अराधना की गई। बचरा दुर्गा पूजा पंडाल, बहेरा पूजा पंडाल, बेंती पूजा पंडाल, राय कोलियरी पूजा पंडाल, राय बाजार पूजा पंडाल, चुरी पूजा पंडाल सहित अन्य जगहों के पूजा पंडालों में मां गौरी की पूजा के लिए भक्तों की भीड़ पहुंची थी। वहीं पूजा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पिपरवार पुलिस द्वारा पूजा पंडाल और मेला में पुलिस बलों को तैनात किया गया है। वहीं सीसीएल द्वारा होमगार्ड जवानों की भी तैनाती की गई है। जबकि पूजा समिति की ओर से पंडाल और मेले में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। पंडालों में दर्शन पूजन के लिए आ रही भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूजा पंडाल समिति, सीसीएल एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा खास व्यवस्था के तहत महिला सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है।

इधर कोयलाचंल क्षेत्र में खराब मौसम के बावजूद लोगों की भीड़ देखी जा रही है। क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही बारिश के बावजूद सभी पंडालों में मां महागौरी के दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। महिला श्रद्धालुओं द्वारा खोइछां भरने एवं सुख-शांति समृद्धि के लिए पंडाल में अपनी बारी का इंतजार करती दिखी। कोयलांचल क्षेत्र में सुबह से ही झमाझम बारिश के बीच श्रद्धालु पूजा पंडाल जाकर पूजा अर्चना कर रहे हैं।


बचरा पूजा पंडाल में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

## माता रानी के दरबार से मिलती है सुख, शांति व खुशहाली : अंबा

**बड़कागांव विधायक ने पिपरवार के कई पूजा पंडालों का भ्रमण कर लिया मां दुर्गा का आशीर्वाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने पिपरवार के कई पूजा पंडालों का भ्रमण कर मां दुर्गा के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। विधायक अंबा प्रसाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ बचरा दुगार्पूजा पंडाल, हेंदेगीर दुर्गा पूजा पंडाल, बुंडू दुगार्पूजा पंडाल सहित कोयलांचल क्षेत्र के कई पूजा पंडालों का भ्रमण किया। बचरा दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचने पर उन्होंने मां दुर्गा की विधिवत पूजा की और क्षेत्र में सुख शांति और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि माता रानी के दरबार में सुख शांति और खुशहाली मिलती है। करीब दो वर्ष के बाद इस बार दुर्गा पूजा धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। ऐसे में उन्होंने पूरे विधानसभा क्षेत्र की सुख शांति और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता, मंगल सिंह, सुभाष साहू, अनिल सोनी, अभय सिंह, राजकिशोर राम, अरविंद सिंह, उमेश यादव, संतोष यादव आदि मौजूद थे।


बचरा दुर्गा पूजा पंडाल में मां दुर्गा के दर्शन को पहुंची विधायक अंबा प्रसाद।

## पत्नी की हत्या कर फंदे से लटकाया, पति गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला के मुरहू थाना अंतर्गत हेठगोवा कुडंबाडीह गांव में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी की हत्या कर उसे आत्महत्या साबित करने के लिए फंदे से लटका दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान अमृता स्वांसी (20) के रूप में हुई है। हालांकि मृतका के पिता द्वारा मुरहू थाना में अपने दामाद के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराने के बाद पुलिस ने आरोपित पति टीका स्वांसी को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अमृता स्वांसी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। टीका स्वांसी ने गांव वालों सहित मृतका के पिता को यह बताया कि उसकी पत्नी अमृता ने फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने पर सलगा गांव निवासी मृतका के पिता अपने दामाद के घर पहुंचे तो देखा कि फंदे में झूल रही उसकी बेटी के चेहरे पर कई जगह चोट के निशान हैं। इस पर उन्हें संदेह हुआ और वे मुरहू थाना में जाकर अपने दामाद के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज करा दिया। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक छानबीन के बाद शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका के पिता ने बताया कि टीका स्वांसी के साथ कुछ वर्षों तक लीन इन रिलेशन में रहने के बाद उसकी बेटी और दामाद ने वर्ष 2016 में विधिवत शादी की थी। आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही टीका अक्सर उसकी बेटी के साथ मारपीट किया करता था, जिसकी जानकारी उसे अपनी बेटी से मिलती थी। कहा कि उसे पक्का भरोसा है कि उसके दामाद ने ही उसकी बेटी की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया है।

### युवक ने की खुदकुशी

दूसरी ओर एक अन्य घटना में खूंटी के बेलाहाथी रोड दतिया निवासी मुकेश महतो राम नामक 30 वर्षीय युवक ने सोमवार की अहले सुबह अपने घर में ही फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर खूंटी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक छानबीन के बाद शव को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया। समाचार लिखे जाने तक आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## महाअष्टमी में पंडालों में उमड़ा जनसैलाब



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** महाअष्टमी पर सोमवार को सिल्ली- मुरी व आसपास के क्षेत्रों में स्थित दुर्गा पूजा पंडालों में महिलाओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सभी पंडालों में सुबह से ही महाअष्टमी पूजा को लेकर विशेष पूजा की गई। सिल्ली में राधिका मैदान दुर्गा पंडाल, सिंधी राजावाडी का पंडाल एवं लुकूंग में दुर्गा पंडाल बनाया गया है। वहीं मुरी में बाजार स्थित वैष्णवी दुर्गा पंडाल, रेलवे में ए एवं भी टाईप दुर्गा पंडाल, हिंडालको स्थित दुर्गा पंडाल एवं बड़ा मुरी स्थित नवजागरण दुर्गा पूजा पंडाल स्थापित किया गया है। इसके अलावा लगाम में भी भव्य पूजा पंडाल बनाया गया है, जहां महाअष्टमी पर मां दुर्गा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं पहुंचे थे। यहां विधायक सुदेश कुमार महतो मौजूद रहे। सभी पंडालों में धार्मिक गाना बजाए जा रहा हैं।

## अड़की और तमाड़ में दूर्गापूजा की धूम

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़/अड़की।** तमाड़ व अड़की प्रखंड में दुर्गा पूजाा का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। सोमवार को महाअष्टमी के दिन विभिन्न पूजा पंडालों के अलावा दिवड़ी मंदिर, मोदीडीह राइडीह मोड़ ब्लाक मोड़ कोठारी बंधु चौक राजबाडी तमाड़ सलगाडीह, सारजमडीह, परासी भुईयाडीह, रडगावॅ पुण्डीदीरी जानुमपिडी उलीलोहर बारेडीह व जीलीगसेरेग उलीडीह पालना आदि जगहों पर प्रतिमा स्थापित कर मां दुर्गा की पूजा की जा रही है। वहीं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद है।



अड़की प्रखंड के सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, अड़की सिदरी पुरनानगर डोरेया, मोसोगा जोजोहातू, सारगेया व बारीगाडा नौढ़ी के अलावे कई गावों में प्रतिमा स्थापित कर मां दुर्गा की पूजा की जा रही है। पूजा पंडालों के आसपास छोड़-पड़े दुकानें लगी हैं, जहां खाने-पीने के लिए लोगों की खासी भीड़ दिखी।

### बुंडू में महाअष्टमी पर उमड़ी भक्तों की भीड़

बुंडू प्रखंड के आसपास के क्षेत्रों में महाअष्टमी पर्व को लेकर पंडालों में बच्चे-बूढ़े व महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। सभी पूजा पंडालों में सुबह से महाअष्टमी पूजा को लेकर विशेष पूजा की गई। बुंडू के बिहार क्लब, मिलन मंदिर सेवा संघ, विशाल क्लब बजरंग दल, श्री श्री श्याम सुंदर भूदेव समिति श्री राम संघ आदि में आकर्षक पूजा पंडालों का निर्माण किया गया है। इन पूजा पंडालों में तमाड़ विधायक व अन्य घूम-धूम कर निरीक्षण किए और मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। इधर अनुमंडल पदाधिकारी अजय साव अपनी पत्नी के साथ बजरंग दल में महाअष्टमी के महाभोग का वितरण किए।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खलारी खंड ने किया शस्त्रों का पूजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**डकरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खलारी खंड के विवेकानंद दैनिक शाखा के स्वयंसेवकों ने विजयादशमी उत्सव के रूप में संघ के स्थापना दिवस सह महाष्टमी के अवसर पर बीएमएस कार्यालय डकरा में शस्त्र पूजन किया। मौके पर मुख्य अतिथि सह बौद्धिक कर्ता सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य गोपाल विश्वकर्मा ने स्वयंसेवकों को शस्त्र पूजन की ऐतिहासिकता एवं इसके महत्व को बताया। कहा कि सनातन धर्म में शस्त्र पूजन का विधान अनादिकाल से ही है। भगवान राम ने रावण पर विजय प्राप्त करने के लिए नौ दिनों तक शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की आराधना कर शक्ति संचय करने के बाद ही विजयदशमी के दिन रावण पर विजय प्राप्त किया था। इसी दिन भगवान इंद्र ने असुरों पर विजय प्राप्त की थी। महाभारतकाल में अज्ञात वास समाप्त होने पर अर्जुन ने शस्त्र पूजन के बाद ही कौरवों को विराटनगर से पराजित किया था। यहां तक कि क्षत्रपति शिवाजी महाराज ने भी देवी दुर्गा की उपासना के पश्चात ही वह दिव्य तलवार प्राप्त की थी जिससे उन्होंने मुगलो को हराया था। शस्त्र पूजन के इसी विधान एवं परंपरा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के बाद से ही प्रत्येक वर्ष मनाता आ रहा है। इस अवसर पर शाखा के मुख्य शिक्षक मदन सिंह, वरिष्ठ स्वयंसेवक रघुवंश नारायण सिंह, सेतुबांध सिंह, मनोज सिंह, रमेश सिंह, कृष्णा ओझा, विनोद शर्मा, अवधेश सिंह, आनंद सिंह, राकेश, प्रदीप सिंह, मुकेश सिंह, रामकिशोर सिंह, कुणाल कुमार, आदि उपस्थित थे।

## खूंटी में पहली बार डांडिया का आयोजन, जमकर झूमे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** नवरात्रि के अवसर पर खूंटी में पहली बार सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति नेताजी चौक खूंटी के तत्वावधान में रविवार की शाम खूंटी क्लब परिसर में डांडिया नाईट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन नगर पंचायत उपाध्यक्ष राखी कश्यप ने किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं लोक परंपराओं को जीवंत रखने की आवश्यकता है। ऐसे आयोजनों से हमारी संस्कृति व लोक परंपराओं को जहां मजबूती मिलती है, वहीं महिलाओं में उत्साह का संचार भी होता है। वार्ड पार्षद कंचनमाला देवी ने कहा कि नवरात्रि में डांडिया का विशेष महत्व है। खूंटी में लंबे अरसे से डांडिया नृत्य कार्यक्रम नहीं होने से महिलाओं में थोड़ी मायूसी रहती थी। लेकिन इस वर्ष खूंटी में इसकी शुरूआत हुई है। जिससे महिलाओं में नवरात्रि की खुशी में वृद्धि हुई है। आकर्षक साज सज्जा एवं रंग बिरंगी रोशनी के बीच युवतियों, महिलाएं ने पंखिड़ा ओ पंखिड़ा, उड़ी उड़ी जाय, ओढ़नी ओढ़ू, ढोली तारो ढोल बाजे रे एवं माता की भक्ति पर आधारित भजनों में महिलाओं एवं युवतियों ने डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति पेश की। इसके पूर्व समिति के सदस्यों द्वारा अतिथियों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति नेताजी चौक के अध्यक्ष अनूप साहू, महामंत्री रंजीत प्रसाद, उपाध्यक्ष कुमार सौरभ, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, ज्योतिष भगत, राजकुमार गुप्ता, लव चौधरी, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।



## आजसू महासचिव रोशनलाल ने पूजा पंडालों का भ्रमण कर मां दुर्गा से लिया आशीर्वाद


बचरा पूजा पंडाल पहुंचे आजसू महासचिव रोशन लाल चौधरी व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** आजसू के केंद्रीय महासचिव और बड़कागांव विधानसभा के प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई पूजा पंडालों का दौरा कर मां दुर्गा के दर्शन किये। वे इस दिन बचरा दुगार्पूजा पंडाल पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओ ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने बचरा दुगार्पूजा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि झारखंड में मनाये जाने वाले पर्व त्योहार हमारे संस्कृति की पहचान है। पर्व त्योहार और पूजा से धार्मिक भावना बढ़ती है।

पूर्वजों से चलते आ रहे सभी पर्व त्योहार को वर्तमान में काफी उत्साह के साथ मनाते हुए इसे आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। इस मौके पर आजसू के पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह उर्फ विधायक, द्वारिका प्रसाद महतो, मोहन महतो, अशोक कुमार रवि, गणेश महतो आदि मौजूद थे।

## सीआइएसएफ पिपरवार ने एनके को हराया


**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा स्वर्ण जंयती स्टेडियम में कैनरा बैंक के सौजन्य से सीआइएसएफ एनके और पिपरवार यूनिट की ओर से दोस्ताना क्रिकेट मैच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में सीआइएसएफ ने एनके पिपरवार टीम को तीन विकेट से पराजित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीआइएसएफ के अधिकारियों ने कहा कि समय-समय पर इस तरह के आयोजन से जवानों का मनोबल बढ़ता है और खेल भावना बढ़ती है। प्रत्येक दिन कोयला खदानों की सुरक्षा में तैनात जवानों को मनोरंजन करने का अवसर मिलता है। इस मौके पर सीआइएसएफ के उप कमांडेंट मृत्युंजय स्वामी, उपेंद्र कुमार आदि थे।

**8-10 उग्रवादियों ने हमला कर किया चार राउंड हवाई फायर**

## मैकलुस्कीगंज में उग्रवादियों ने लगायी जेसीबी में आग

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** थाना क्षेत्र में उग्रवादियों ने एक जेसीबी मशीन में आग लगा दी। आठ-10 की संख्या में आये उग्रवादियों ने मैकलुस्कीगंज के चट्टीनदी में रेलवे विस्तारिकरण में लगे केईसी कंपनी के बेचिंग प्लांट पर धावा बोलकर तीन-चार राऊंट गोलियां भी चलाई और वहीं खड़े जेसीबी में आग लगा दी। पास रखे जेनरेटर को भी जलाने का प्रयास किया। जिस वक्त घटना को नक्सली अंजाम दे रहे थे, उस समय तेज बारिश हो रही थी। इस वजह से मशीन और दूसरे सामानों को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा। घटना रविवार की रात लगभग 12 बजे घटित हुई। एक गार्ड ड्यूटी पर तैनात था जो नक्सलियों को देख भाग गया था। उसके बाद गार्ड ने कंपनी के लोगो को रात में घटना की जानकारी दी। वही कंपनी के लोगो ने सोमवार की सुबह मैकलुस्कीगंज पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस घटनास्थल पर जाकर मामले की छानबीन की। घटनास्थल पर उग्रवादियों ने पर्चा फेंका है। जिसे पुलिस अपने साथ ले गयी है। पर्चा में नक्सलियों ने ना सिर्फ धमकी दी और कंपनी को लेवी नहीं देने पर कारवाई की चेतावनी दी गयी है। बताया जाता है कि पूर्व में ही लेवी की मांग को लेकर उग्रवादियों ने कंपनी को धमकी दिया था। दूसरी ओर, मैकलुस्कीगंज में हुई अगलगी की घटना की जिम्मेवारी रविन्द्र जी ने लिया है। रविन्द्र ने घटनास्थल पर एक हस्तलिखित पर्चा छोड़ा है जिसमें कहा गया है कि संगठन की ओर से रेलवे जीएम को लेवी की मांग की गई थी, लेकिन कंपनी ने उसे नजर अंजाद किया। जिस कारण यह कार्रवाई की गई है।



उग्रवादियों द्वारा आग लगाए जाने के बाद क्षतिग्रस्त मशीन व उग्रवादियों की ओर से छोड़ा गया पोस्टर।

## मैत्री बैडमिंटन टूर्नामेंट में एनके टीम बनी विजेता


सम्मानित किये जाने के बाद कतारबद्ध खड़े विजेता टीम के खिलाड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**डकरा।** एनके क्षेत्र अधिकारी क्लब में आयोजित एनके एरिया और सीआइएसएफ के बीच दो दिवसीय मैत्री बैडमिंटन टूर्नामेंट का रविवार को समापन हुआ। इसमें एनके एरिया सिंगल्स और डबल्स दोनों का चैंपियन बना।

सिंगल्स में विजेता एनके से रवि गोयल और उप विजेता सीआईएसएफ से गोबलिन सिंह हुए। जबकि डबल्स में एनके से नवनीत सिंह और बिभोर शर्मा चैंपियन और सीआइएसएफ से रेनबो सिंह और वितेश मलिक उप विजेता बने। वहीं इस टूर्नामेंट का रेफरी दीपेन कुमार साहू रहे। इधर देर रात में हुए समापन समारोह में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक संजय कुमार और विशिष्ट अतिथि डिप्टी कमांडेंट मृतुंजय स्वामी डी ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किए।

मौके पर परियोजना पदाधिकारी चुरी कमल माजी, रोहिणी के परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह, स्टाफ अधिकारी उत्खनन मनोज ओझा समेत अन्य अधिकारी एवं सीआइएसएफ बल के सदस्य थे।

# बेड़ो में महाअष्टमी पर मंदिरों एवं पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**विजयादशमी के दिन महादानी मैदान में 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का रंगीन आतिशबाजी के बीच होगा दहन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** महादानी मंदिर बेड़ो स्थित दुर्गा बाड़ी में सोमवार को शारदीय नवरात्र मनाते हुए महाअष्टमी के अवसर पर श्री श्री दुगार्पूजा महासमिति के तत्वावधान में मंदिर परिसर में बने पंडाल व दुर्गा मंदिर में स्थापित मां भगवती के आठवें स्वरूप मां महागौरी की उपासना कर मां दुर्गा की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने अपने सुख शांति के लिए मां से वरदान मांगा। वहीं पुजारी सुबल देवघरिया के नेतृत्व में आचार्य निवास अधिकारी ने यजमान मनोरंजन देवघरिया व गौतम देवघरिया को पूरे विधि विधान से बंगला पद्धति से मां महागौरी की पूजा करायी। महिलाओं व पुरुषों ने अष्टमी उपवास रखकर मां महागौरी की पूजा की। यहां दुर्गा पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शारदीय नवरात्र में मंदिर व आसपास का इलाका भक्तिरस से सरावोर हो गया है। रामचरितमानस नवाह्न, दुर्गा सप्तशती के पाठ, भक्ति गीत की गूंज व पूजन तथा आरती से बेड़ो का माहौल भक्तिमय हो गया है। वहीं महाअष्टमी के अवसर पर संधि बलि दी गई। मंगलवार को नवमी के अवसर पर देवी मंडप में बकरे की बलि दी जाएगी। बुधवार को विजयादशमी के दिन महिलाएं सिंदूर खेलेंगी साथ ही महादानी मैदान में 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन रंगीन आतिशबाजी के बीच होगा। इधर, बेड़ो के खत्रीखटंगा, पाकलमेड़ी, घाघरा, ईटा चिल्द्री, मुरतो व तुको में भव्य पंडाल बनाकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है।



बेड़ो दुर्गा पूजा पंडाल में उमड़ी महिला श्रद्धालुओं की भीड़।



बेड़ो में रावण के पुतले को अंतिम रूप देते उमेश पेंटर।



बेड़ो के मुरतो में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।



बेड़ो के तुको में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।

## प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने मनातू पूजा पंडाल का किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति मनातू के पूजा पंडाल का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा जिप सदस्य संजय महतो, मुखिया पूनम देवी, लीला देवी समाजसेवी राजकुमार महतो व राजेन्द्र महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया।


मुख्य अतिथि सोमनाथ मुंडा ने कहा कि दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है हमें अपने अंदर की बुराइयों को खत्म करने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही समिति के महासचिव अनूप कुमार महतो ने कहा कि हम लोग पिछले 20 वर्षों से हमारे गांव मनातू में दुर्गा पूजा का आयोजन भव्य तरीके से करते आ रहे हैं। पवित्रता के इस त्यौहार में भक्तगण 10 दिनों तक उपवास रखते हैं और यह त्यौहार हम हिंदुओं के लिए आस्था का प्रतीक है। पूजा कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष आशीष कुमार महतो, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज महतो, सचिव संदीप महतो, महासचिव अनूप कुमार महतो, मंत्री पृथ्वीनाथ महतो, उपाध्यक्ष संजय महतो एवं समिति के सदस्य प्रेम किशोर महतो महावीर महतो राम प्रसाद महतो फुलेश्वर महतो कौशल किशोर महतो संदीप ठाकुर विकास मुंडा अजय महतो गुड्डू बड़ाईक सहित पूजा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## इटकी के पंडालों में मां दुर्गे की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी में नवरात्र के आठवें दिन सोमवार को महा अष्टमी पूजा की गयी। इसी दौरान निर्धारित समय 3.59 पर संधि बलि दी गई। इसके बाद कन्या पूजन सहित अन्य अनुष्ठान किये गये। महिलाओं ने निर्जला उपवास रख कर पूजा-अर्चना की। पंडालों में स्थापित मां दुर्गे की प्रतिमाओं का दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का देर रात तक तांता लगा रहा। कल मंगलवार को महानवमी पूजा संम्पन्न होगा।और पांच अक्तूबर को प्रतिमाओं का विसर्जन किया जायेगा।

## नगड़ी में पूजा पंडालों में मां दुर्गे की प्रतिमाओं के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनायी जा रही है। नगड़ी दुर्गा मंदिर में दुर्गा पूजा समिति, नगड़ी पिस्का रेलवे स्टेशन मां दुर्गा पूजा समिति, कटहल मोड़ स्थित लाल हर्षनाथ शाहदेव दुर्गा पूजा समिति तथा नयासराय कल्लू मैदान में श्री श्री मां दुर्गा पूजा समिति में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर वैदिक विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। मौके पर सभी पंडालों में महाअष्टमी की पूजा की गयी। संधि बलि 4.15 बजे होने के बाद महानवमी की पूजा वैदिक मंत्रोच्चारण कर की गयी। इसके पश्चात महाआरती का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इधर सोमवार शाम से प्रखंड के पांच पूजा पंडालों को देखने के सैकड़ों ग्रामीण अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे जो रात भर चला। मंगलवार को सभी पंडालों में विधिवत हवन और भंडारा का आयोजन किया गया है तथा बुधवार को नगड़ी में विशाल शोभा यात्रा निकाल कर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

## खेल अनुशासन व विकास का आधार है : डीएसपी



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** खेल अनुशासन और भाईचारा का पाठ पढ़ाता है। खेल विकास, प्रभावशाली जीवन और व्यक्तित्व का आधार है। उक्त बातें समारोह के मुख्य अतिथि डीएसपी रजत मणिक बाखला ने कहीं। वे जेएफसी जरिया के तत्वावधान में रविवार को करमचंद भगत स्टेडियम जरिया में आयोजित शहीद मनुवा कुजूर फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 के फाइनल मैच के समापन समारोह में बोल रहे थे। वहीं राष्ट्रीय गान के साथ समारोह का शुभारंभ किया। साथ ही शहीद के परिजनों, समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों ने शहीद मनुवा कुजूर, शहीद महेश उरांव तथा पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. करमचंद भगत की तस्वीर पर माल्यार्पण व नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इधर फाइनल मैच का आयोजन एफसी तेतरटोली बनाम संदीप ब्रदर्स जामटोली के बीच किया गया। जिसमें संदीप ब्रदर्स जामटोली की टीम ने एफसी तेतर टोली की टीम को एक गोल से हराकर फाइनल मैच का खिताब जीत लिया। साथ ही विजेता टीम बनने का गौरव पाया। वहीं समारोह में मुख्य अतिथि डीएसपी रजत मणिक बाखला ने विजेता टीम और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और शील्ड आदि देकर सम्मानित किया। समारोह में रांची पुलिस की ओर से विजेता और उप विजेता टीम को पोशाक व खेल सामग्री दी गयी। वहीं मौके पर मुख्य रूप से डीएसपी रजत मणिक बाखला, पुलिस निरीक्षक नवल किशोर प्रसाद, थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता, जरिया पंचायत के मुखिया कुंवारी खलखो, पंचायत समिति सदस्य विशेश्वर उरांव, ग्राम प्रधान पेरो उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## एसएस प्लस टू उवि चिलदाग में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन





**विद्यालय में महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। एसएस प्लस टू उवि चिलदाग मे पिछले एक माह से चल रहे इंटर हाउस फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच शनिवार को खेला गया। इस प्रतियोगिता मे 16 टीमों ने भाग लिया था। चार हाउस के जूनियर और सीनियर एवं बालक व बालिका वर्ग मे इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालक वर्ग मे बिरसा मुण्डा हाउस एवं सिद्धु-कान्हू हाउस के बीच फाइनल मैच खेला गया जिसमे बिरसा मुण्डा हाउस 1-0 से विजयी रही वहीं सीनियर बालिकाओं मे सिद्धु-कान्हू और ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव हाउस के बीच फाइनल मुकाबला हुआ जिसमे सिद्धु-कान्हू हाउस 2-0 से विजेता बनी। कनीय वर्ग मे बालकों के मैच मे सिद्धु-कान्हू हाउस ने ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव हाउस को 2-0 से पराजित किया। वहीं जुनियर बालिका मे विश्वनाथ शाहदेव हाउस ने सिद्धु-कान्हू हाउस को एक गोल से पराजित किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि वित विभाग के हरि माधव तथा विशिष्ठ अतिथि आइटीआई के निदेशक राजीव कुमार एवं प्राचार्य अवनिंद्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर तथा बॉल को किक कर फाइनल मैच शुरू कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरि माधव ने कहा कि खेल के माध्यम से अनुशासन, स्वास्थ्य और सहभागिता आसानी से बच्चों मे सिखाई जा सकती है। इसलिए खेल को हमेशा प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्राचार्य अवनिंद्र सिंह ने अतिथितियों का अभार व्यक्त किया। इधर एसएस प्लस टू उवि चिलदाग मे राष्टपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व लालबहादूर शास्त्री की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। मौके पर प्राचार्य अवनिंद्र सिंह सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने दोनों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## संस्कृति को बचाने में जतरा महत्वपूर्ण : नारायण उरांव

**चान्हो प्रखंड के गुटूवा में 22 पड़हा जतरा समिति ने किया जतरा का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चान्हो।** प्रखंड स्थित गुटूवा में 22 पड़हा जतरा समिति ने सोमवार को जतरा का आयोजन किया। इसमें आसपास के गांवों के लोगों ने अपने-अपने खोड़हा के साथ जतरा स्थल में आकर अपने नृत्य का प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष नारायण उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि परंपरा को बचाने के लिए युवा आगे आये हैं, ये खुशी की बात है। जतरा हमारी संस्कृति की रक्षक है। जतरा के माध्यम से नयी पीढ़ी अपनी परम्परा को आगे बढ़ा रही है। ये धरती खुशकिस्मत है कि इसमें सरना रत्न एतवा उरांव का जन्म हुआ है। झारखंड की पहचान यहां की संस्कृति और खान है। हमें अपने अधिकार के लिए सजग रहने की जरूरत है।

वहीं विशिष्ट अतिथि आशुतोष तिवारी ने कहा कि आज के युग में अपनी सभ्यता और संस्कृति को बचाने के लिए इस तरह के जतरा संस्कृति की जरूरत है। उन्होंने बताया कि जे नाची से बाची। उन्होंने जतरा के इतिहास पर प्रकाश डाला। जतरा को आने वाले वर्षों में और बड़ा लगाने की बात कही। जतरा में प्रचारिका रेणु उरांव ने भी संबोधित किया।

मौके पर प्रभात तिर्की, चम्पा उरांव, जय नाथ राम तिवारी, दिनेश राम, मना उरांव, हरि उरांव, कयूम अंसारी, शकील अंसारी, विनोद भगत, अशेषर शाही, रेणु उरांव, राजु उरांव, शनि उरांव, हेमंत कच्छप समेत सैकड़ों की संख्या में खोड़हा प्रेमी और ग्रामीण मौजूद थे।

## बैठक : उपायुक्त ने मुड़मा जतरा को लेकर बैठक कर तैयारियों का लिया जायजा

# 11 और 12 अक्टूबर को लगेगा मुड़मा मेला

**उपायुक्त ने मेला को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर।** प्रखंड के मुड़मा गांव में लगने वाले ऐतिहासिक मुड़मा जतरा को लेकर उपायुक्त राहुल सिन्हा ने सोमवार को मेलास्थल पर आयोजन समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। मेला 11 व 12 अक्टूबर को लगेगा। इस दौरान उपायुक्त ने मेले की प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मेला को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को कई निर्देश दिये।बैठक में एसएसपी कौशल किशोर, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी, बीडीओ सुलेमान मुंडारी, सीओ विजय हेमराज खलखो, थाना प्रभारी विनय कुमार यादव च्सह, विभिन्न विभागों के अधिकारी, अनिल उरांव, जतरू उरांव, रंथू उरांव आदि उपस्थित थे। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को ससमय दूर कर लेने की बात कही।

बैठक में धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने भी जतरा संचालन व जतरा में होने वाली समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मुड़मा जतरा सभी समुदायों का मिलन स्थल है। बताया कि मंगलवार को दो बजे च्सगबोंगा देवता की पूजा की जाएगी।

बैठक के बाद उपायुक्त और एसएसपी ने मांडर के दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण किया। और विधि व्यवस्था की जानकारी ली।

## महत्वपूर्ण न्यूज़

### भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने मां भवानी क्लब पंडाल का किया उद्घाटन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** मां भवानी क्लब आरा बड़का टोली के पूजा पंडाल का उद्घाटन भाजपा प्रदेश के महामंत्री प्रदीप वर्मा ने फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान उन्होंने माता रानी का आशीर्वाद लिया। मौके पर उन्होंने कहा कि मां दुर्गा दुर्गति का विनाश करने वाली है। सच्चे मन से उनकी अराधना करने वाली की मुरादें पूरी होती है। कहा कि दो साल के बाद लोगों को इस त्योहार को उल्लास और बिना किसी वंदिश के मनाने का मौका मिला है। वहीं, माता के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता का आशिर्वाद लिया और आगे जीवन में सफलता की कामना की। मौके पर कल्ब के अध्यक्ष अमित नारायण तिवारी, भाजपा वरिष्ठ नेता मुक्तिनाथ मिश्रा, गणेश सिंह, पुरुषोत्तम मिश्रा, सूरज उर्फ मार्टिन, चंदन मिश्रा, प्रमोद कुमार यादव, दुर्गेश यादव, अरविंद सिंह सहित कल्ब के सदस्य मौजूद थे।

### प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने पंडालों का भ्रमण कर मां दुर्गा से सुख-समृद्धि की कामना की



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र के आठवें दिन शक्ति स्वरूप माता महागौरी की पूजा-अर्चना की गयी। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति सिद्रोल जोड़ा मंदिर पंडाल में सोमवार को मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश के महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा पहुंचे। मौके पर उन्होंने मां से प्रार्थना करते हुये खिजरी विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे झारखंड वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही सभी लोगों से सौहार्दपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा का पर्व मनाने की अपील की। इस दौरान मुख्य रूप से आयोजन समिति के संरक्षक अनिल वर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रशासनिक विभाग नामकुम प्रखंड खिजरी सह रावण दहन के अध्यक्ष अशोक नायक, भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल बड़ाईक, बाल केसर सिंह, राजा सिंह, हेमंत लोहार, ईश्वर दयाल साहू, शत्रुघ्न बड़ाईक सुनील साहू, राजू लाकड़ा, तारने सिंह, दिलीप मुंडा, रजनीश राम एवं समस्त पूजा समिति के लोग उपस्थित हुए।

### सीडब्ल्यूएस और आशा संस्था ने ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों को किया जागरूक




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सीडब्ल्यूएस एवं आशा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आदिवासी क्षेत्र में महिलाओं एवं बच्चों के पारंपरिक भोजन के संदर्भ में एकदिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। उद्घाटन बीडीओ ज्ञानशंकर जयसवाल, ज़िला पोषण पदाधिकारी अजय वर्मा ने किया। इस दौरान पोषण माह महिला एवं स्वास्थ्य, बच्चा एवं शिक्षा पोषण, लिंग संवेदनशील, जल संरक्षण एवं प्रबंधन पर जागरुक किया गया। प्रकृति से मिलने वाले विभिन्न खाद्य सामग्री के सही इस्तेमाल करने की सलाह दी गयी। साथ ही साफ सफाई के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर उपप्रमुख मीणा ठाकुर, संस्था के सचिव अजय कुमार, पूनम टोप्पो, शुभा तिर्की, मुन्नी कच्छप, संध्या, सीमा, ललिता, अमित, शत्रुध्न रवि आदि उपस्थित थे।

### चरनाबेड़ा और रामपुर में जतरा खूंटा का शिलान्यास



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आदिवासी सेना केंद्रीय समिति एवं नामकुम प्रखंड मुखिया संघ के तत्वावधान में सोमवार को नामकुम प्रखंड अंतर्गत 12 पड़हा क्षेत्र के रामपुर पंचायत जतरा स्थल एवं हहाप पंचायत के जामुन टोली जतरा स्थल नामकुम में जतरा खुटा का शिलान्यास मादी पाहान, बैजनाथ लकडा, करन पाहान ने संयुक्त रुप से विधिवत सांस्कृतिक, पारम्पारिक विधि-विधान से पुजा कर किया। मौके पर प्रखंड मुखिया संघ सचिव सह हहाप मुखिया नन्हे कच्छप ने कहा कि आज आदिवासी सेना के पहल पर क्षेत्र में पहचान के लिये जतरा खुटा का लगातार निर्माण कराया जा रहा है। जिससे देखते हुये मैने आदिवासी सेना से संपर्क किया और नामकुम प्रखंड क्षेत्र के रामपुर पंचायत जतरा स्थल एवं हाहाप पंचायत के चरनाबेडा जतरा स्थल पर जतरा खुटा निर्माण का शिलान्यास कराया। इस मौके पर सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### अनगड़ा में गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गांधी जयंती के अवसर पर बीसा एवं बोंगईबेड़ा पंचायत मे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। बोंगईबेड़ा पंचायत में पंसस संज्योति देवी एवं मुखिया हिरदू उरांव के नेतृत्व में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। वहीं ज्योति क्लब गंगाघाट की ओर से पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ के साथ विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। मौके पर धनीराम महतो, जगेश्वर महतो, अनिल उरांव, ज्योति देवी, बैजू तिर्की, बिरसा उरांव, राजेश तिर्की आदि मौजूद थे। इधर बीसा पंचायत में मुखिया मंजोती देवी के नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई अभियान चलाया गया साथ ही ग्रामीणों ने श्रमदान से सड़क का निर्माण किया। कार्यक्रम में रोहित बेदिया, शिवचरण बेदिया सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरूष शामिल हुए।

## पलामू सांसद ने रिक्शा चालकों के बीच खादी वस्त्र का किया वितरण



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के द्वारा रविवार को पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मेदिनीनगर में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का स्वागत किया। तथा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत खादी स्वावलंबन एवं सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत मेदिनीनगर स्थित रेड़मा खादी दुकान में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं पार्टी के नेतागणों के साथ खादी का वस्त्र लिया। इस दौरान सांसद ने 11 रिक्सा चालकों के बीच खादी का कपड़ा संगठन मंत्राी कर्मवीर सिंह के कर कमलों से वितरित कराया। उन्होंने सभी रिक्सा चालकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित एवं स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक आलोक चौरसिया, विधायक शशि भूषण मेहता, प्रदेश मंत्री विवेक भवानी सिंह, जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह, विपिन बिहारी सिंह, प्रफुल्ल कुमार सिंह, विभाकर नारायण पांडेय, अविनाश वर्मा, युवा मोर्चा के अध्यक्ष किशलय तिवारी, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, महामंत्री श्याम बाबू, जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, नगर मंडल अध्यक्ष अविनाश सिंह उर्फ छोटू सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आबादगंज में 80 फीट ऊंचे पंडाल में विराजी मां दुर्गा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आबादगंज में दुगार्पूजा का आयोजन करने वाला सम्राट क्लब ने इस वर्ष भी काल्पनिक परंतु आकर्षक पूजा-पंडाल बनाया है। इलेक्ट्रॉनिक लाइट एवं फूल पत्ती से पंडाल की बाहरी और आंतरिक सजावट की गई है। सम्राट क्लब के संरक्षक मृत्युंजय श्रीवास्तव उर्फ मंटू ने बताया कि मूर्ति की ऊंचाई करीब 10 फीट है। पूजा पंडाल बनाने का कार्य एक महीने से चल रहा था। पूजा पंडाल की ऊंचाई झंडा समेत 80 फीट एवं चौड़ाई 40 फीट रखा गया है। पूजा पंडाल के माध्यम से समाज में एकजुटता एवं सनातन धर्म के प्रति आस्था मजबूत करने के लिए आवश्यक संदेश भी देने का प्रयास किया जा रहा है। पंडाल निर्माण और मूर्ति रखकर पूजा आदि में करीब सात लाख रुपये खर्च होने का प्रारंभिक अनुमान लगाया गया है। धन संग्रह में समिति के सभी सदस्य जुटे हैं। समिति के अध्यक्ष नीरज सिंह ने बताया कि वृंदावन से आई रोशनी शास्त्री जी के द्वारा 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन संध्या आरती के बाद श्रीमद्भागवत गीता का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन भगवत गीता का आनंद लिया। इस दौरान प्रत्येक दिन शहर के प्रतिष्ठित लोगों को पंडाल में बुलाया गया और उन्हें सम्मानित भी किया गया। समिति के उपाध्यक्ष रवि सिंह, सचिव निलेश, कोषाध्यक्ष रजत सिंह, व्यवस्थापक अभिमन्यु सिंह उर्फ मन्नू, मीडिया प्रभारी अंकित सिन्हा, सदस्य अनिमेष सिंह, मोनू सिंह, राहुल कुमार, कुणाल कुमार, शशांक कुमार, रितिक कुमार, राजकुमार, अंश कुमार तन मन से पूजा में लगे हुए हैं।

## सैकड़ों भक्तों ने की माता की सामूहिक आरती



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** मां शेरावाली का पट सप्तमी तिथि को खुल चुकी है चारों और भक्ति की बयार बह रही है। सभी माता रानी की आराधना में डूबे हुए हैं। वही महा अष्टमी को नवयुवक संघ में संधी पूजा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरुष माता रानी की सामूहिक आरती किए और अपना अपने समाज और अपने गांव के खुशहाली का कामना किया। इधर सतबरवा के ठाकुरबाड़ी मंदिर में माता रानी का भव्य पंडाल बनाया गया है जो तिरंगे के रंग में बनाया गया है जिसके चलते आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# पलामू में पहली बार दुर्गा पूजा पर लेजर शो का होगा आयोजन





**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री चंद्रशेखर आजाद क्लब द्वारा स्थानीय शिवाजी मैदान में दिन बुधवार संध्या 6: 30बजे से विशाल रावण वध का कार्यक्रम संपन्न किया जा रहा। इस बार कार्यक्रम की भव्यता बनाए रखने के लिए रामायण,शिव तांडव, रावण वध एवं जय हो पर आधारित मुंबई का मशहूर लेजर शो का भी आयोजन किया गया है जो संध्या 6 .30 में प्रारंभ कर दिया जाएगा। यह शो मात्र 45 मिनट का होगा। उसके उपरांत नगर की प्रथम महिला महापौर अरुणा शंकर एवं मुख्य अतिथियों द्वारा रावण वध किया जाएगा। यह मुंबई का मशहूर लेजर शो का प्रदर्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अयोध्या राम मंदिर परिसर में आगमन पर प्रदर्शित किया गया था। लेजर शो 50 फीट ऊंचे खुले आसमान पर किया जाएगा जो बच्चों, महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा, यह कार्यक्रम महापौर अरुणा शंकर की ओर से पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज के सौजन्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मेदिनीनगर कि प्रथम महिला महापौर अरुणा शंकर, विधायक आलोक चौरसिया,पलामू आयुक्त जटाशंकर चौधरी, डीआईजी राजकुमार लकड़ा, पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा होंगे तथा विशिष्ट अतिथि उपमहापौर मंगल सिंह एवं मनोज सिंह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर करेंगे।

## नवरात्र में सुख शांति के लिए पूजा अर्चना के साथ पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा के लिए करें पौधरोपण : अमित व कौशल



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** छतरपुर पूर्वी के विभिन्न पूजा पंडालों से निकले करीब दर्जनभर कलश यात्रा में जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल और विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने 500 पौधा कलश यात्रियों के बीच वितरित किया। श्रद्धालु भक्तों के बीच पौधा कलश प्रदान करते हुए पर्यावरणविद ने कहा कि नवरात्र में फलहार भोजन करने का विधान है इसलिए वे लोगों के बीच फलदार पौधों का निःशुल्क वितरित किया। छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल कहा है कि धर्म से आया हुआ धन टिकाऊ होता है और अवैध तरीके अपनाकर कमाया हुआ धन से आने वाली पीढ़ी का विनाश होता है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने धर्मों के साथ दूससे धर्मों का भी सम्मान करना चाहिए। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस प्रकार प्रतिवर्ष नवरात्र में लोग घर परिवार की सुख समृद्धि व आत्मा की शांति के लिए कन्याओं को भोजन पानी कराते हैं। उसी प्रकार धरती और ब्रह्मांड की आत्मा की शांति के लिए पूरे नवरात्र के समय कन्याओं को पौधा पानी देना चाहिए है। तभी नवरात्र में कलश पूजा और दुर्गा पूजा की सार्थकता बनी रहेगी। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि पहले की तरह इस वर्ष भी पूरे नवरात्र में प्रकृति कलश यात्रा के तहत करीब 6 जिलों में लगभग पांच हजार कन्याओं को पौधा पानी देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। कलश स्थापना के दिन से बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले के साथ साथ पलामू, गढ़वा, लातेहार जिले के अलावे छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश राज्य के कई विद्यालयों में जाकर न सिर्फ पौधरोपण किया बल्कि बुधवार को अपने जन्मभूमि छतरपुर के रुदवा,चीरू,सुगरी सुंगरी, चराई, केरकीकुटीया, करमा बाजार और सहरसवा के कलश यात्रियों को पौधा पानी उपलब्ध कराया। आज प्रकृति कलश यात्रा के अंतिम दिन अपने आवास पर्यावरण भवन में कन्याओं को बुलाकर उन्हें भोजन पानी के साथ चंदन का पौधा पानी देकर उन्हें ससम्मान विदाई किया जाएगा। प्रकृति कलश यात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में चिरू पंचायत मुखिया पति प्रमोद यादव,सचिन कुमार पांडेय, मूनकेरी पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ प्रसाद,बसंत विश्वकर्मा, मुरली प्रसाद, नंदूविश्वकर्मा,सुभाष गुप्ता,पंकज सिंह, मोती शाह, मनोज गुप्ता, रामजतन यादव के साथ सैकड़ों लोग शामिल थे।

## ट्रेनिंग के दौरान जैप-8 में तैनात जवान की आंख में लगा गोली का झटका, रांची रेफर

**पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले में रविवार की देर शाम को जैप 8 में तैनात जवान को ट्रेनिंग के दौरान गोली का झटका लगने से गंङ्गीर रूप से घायल हो गया। घायल जवान का नाम हीरालाल है। बताया जाता है कि जैप 8 में तैनात सङ्गी जवानों की ट्रेनिंग चल रही थी और उस ट्रेनिंग में हीरालाल ङ्गी शामिल था। आनन-फानन में हीरालाल को मेदिनीनगर सदर अस्पताल में ङ्गार्ती कराया गया, जहां हालात को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया है। हीरालाल को आंख में गोली का झटका लगी है।

## पूर्व विधायक संजय यादव ने पूजा पंडाल का भ्रमण किया



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा के अवसर पर पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने शहर व ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडाल का भ्रमण किया। इस दौरान पूर्व विधायक श्री यादव ने क्षेत्र के लोगों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी एवं माता रानी का आशीर्वाद लिया। पंडाल भ्रमण के साथ साथ उन्होंने पूजा आयोजन कमेटी के लोगों से मिलकर उन्हें सहयोग राशि प्रदान किया।भ्रमण के दौरान विधायक प्रखंड अलीनगर, सूपहा, चौखडा,चौखंडा समेत कई अन्य गांव के पूजा पंडाल तक पहुंच कर लोगों को शारदीय नवरात्र के शुभकामनाएं दी।पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पूर्व बिधायक श्री यादव ने कहा कि माता रानी की कृपा से क्षेत्र में खुशहाली व समृद्धि आए यही कामना करते है।मौके पर मुख्य रूप से राजद के वरीय युवा नेता रवि कुमार यादव,कमाख्या नारायण सिंह,सुदेश्वर राम समेत काफी संख्या में राजद के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## रेल लाइन पर मिला अज्ञात महिला का शव

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बीडी रेलखंड के जपला रेलवे स्टेशन से करीब दो किमी. दूर जपला चौबे गांव के समीप अप लाइन में एक 35 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। स्थानीय पुलिस व रेल पुलिस शव की पहचान में जुट गई है। बताया जाता है कि उक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। साथ ही उसका एक पैर और एक हाथ टूटा है। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी है।

## भाजपा नेता ने फीता काटकर किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के दंगवार पंचायत के बरवाडीह गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस मौके पर भाजपा नेता श्री सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से आपसी सौहार्द, भाईचारा व मिल्लत का वातावरण कायम होता है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से साधन ही नहीं बल्कि इससे मानसिक व बौद्धिक विकास भी होता है।साथ ही उन्होंने महुअरि,बसडीहा,पतरा खुर्द झरगड़ा, सरहु ,सूपहा आदि गांव में पूजा पंडाल का भ्रमण कर नवरात्रि की शुभकामनाएं दी और माता रानी का आशीर्वाद लिया।मौके पर मनोज सिंह,अशोक चौधरी ,अशोक गुप्ता,नरेश पासवान,संतोष सिंह,बीरा राम,शशि विश्वकर्मा, मृत्युंजय पाठक समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## ठाकुरबाड़ी में बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद और दुर्गा वाहिनी ने किया अस्त्र शस्त्र पूजन समारोह



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर इलाके में नवरात्रि की धूम मची है, भक्ति गीतों और शंखघड़ियाल की ध्वनि की आवाज से इलाका गुंजायमान है। नवरात्र के मौके पर महाअष्टमी के दिन ठाकुरबाड़ी परिसर में बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी के द्वारा भव्य अस्त्र शस्त्र पूजन समारोह मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हो गया। इस मौके मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन और नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा शामिल हुए। कार्यक्रम में तलवार, पिस्टल और रायफल सहित कई अन्य हथियारों का पूजन किया गया। कार्यकम का भव्य पूजन पंकज मिश्रा और कुंदन पाठक ने कराया। इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए अरविंद गुप्ता ने कहा कि नवरात्र का यह त्योहार समाज को एक सूत्र में बाँधता है साथ ही तन और मन दोंनो पवित्र होते हैं। हमें इस मौके पर इलाके के विकास का संकल्प लेना होगा। वहीं नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा ने का कि त्योहार को शांति और समृद्धि के साथ हमें सम्पन्न कराना है। बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष सोनू कुमार सिंह ने शस्त्र पूजन की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि शस्त्र पूजन हमारी परंम्परा का अभिन्न अंग है। इस मौके पर दुर्गा वाहिनी की सभी बहनों को चुनरी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही युवा जन जागृति मंडल के अध्यक्ष अरुण गुप्ता, उपाध्यक्ष सुजीत कुमार, कोषाध्यक्ष आकाश कुमार, मनु कुमार सहित तमाम कमेटी के कार्यकताओं को बजरंग दल के संयोजक सोनू सिंह, सहसंयोजक रिशु कुमार, नगर पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन, नगर उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा ने चूनरी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, डीएसपी अजय कुमार को सपरिवार, सब इंस्पेक्टर रमेश चन्द्र, कुड़खु सरना समिति के अध्यक्ष प्रमोद उरांव, पुरोहित कुंदन पाठक, पुरोहित पंकज मिश्रा, स्वास्थ्यकमीर्यों को चुनरी ओढ़ा कर बजरंग दल और दुगार्वाहिनी के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर दुर्गा वाहिनी संयोजिका सिवानी चंद्रा सह संयोजक काजल कुमारी स्नेहा चंद्रा निक्की गुप्ता मानसी गुप्ता ने शस्त्र पूजन किया। दुर्गा पूजा के मौके पर छतरपुर के बाजार, मसिहानी, रामगढ़, कउवल, मदनपुर, लोहराही, बैरियाडीह, सड़मा, सिलदाग के इलाके में सर्वत्र पूजा की भव्यता देखी जा रही है।




## तीन दिन से लापता मजदूर का शव मिला

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के बनजारी कब्रिस्तान के पास तीन से लापता मजदूर की शव नाली से बरामद हुआ है।मजदूर की पहचान शहरी क्षेत्र के सतगांवा पीपल चौक निवासी स्व. मुखदेव पासवान के 35 वर्षीय पुत्र धनेश पासवान के रूप में हुई है। मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का जीवन यापन कर रहा था।इस दौरान शनिवार को लापता होने की शिकायत परिजनों ने पुलिस को की थी। तबसे इसकी तलाश पुलिस कर रही थी।खोज बिन के बाद सोमवार को लापता मजदूर की शव नाली से बरामद की गई।सुचना के बाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है।इस सम्बन्ध में पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृतक के मौत का कारण पता चल सकेगा।बावजूद पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

## धर्म और अच्छाई की विजय का प्रतीक है दशहरा पर्व : राजीव रंजन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखंड के खाप कटैया कोशडिहरा गांव में नवयुवक सांस्कृतिक समिति द्वारा रविवार की रात दुर्गा पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी राजीव रंजन ने कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि मनाई जाने वाली विजयादशमी अभिमान,अत्याचार एवं बुराई पर सत्य, धर्म और अच्छाई की विजय का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम करने से सामाजिक समरसता बढ़ती है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा, निदेशक शिक्षक योगेंद्र प्रसाद, कमेटी के संयोजक सुनील ठाकुर, अध्यक्ष विनय मिश्रा, सचिव रंजीत मिश्रा, कोषाध्यक्ष त्रिपुरारी राम, मनोरंजन अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा के अलावे गोपाल प्रसाद, शंभू यादव, सुमन पासवान, राजू पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।





















**आस्था : महाअष्टमी पर धनबाद कोयलांचल के पूजा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन को पहुंचे सांसद, विधायक व समाजसेवी**

# महाअष्टमी पर उमड़ा भक्ति का सैलाब

**मां दुर्गा से मांगा सुख शांति व समृद्धि का आशीवार्द**

आजाद सिपाही संवाददाता








महाअष्टमी पर धनबाद कोयलांचल के सभी पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सांसद पीएन सिंह, विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, पूर्णिमा नीरज सिंह, राज सिन्हा व ढुल्लू महतो आदि ने मां दुर्गा से आशीर्वाद लिया।

**धनबाद/झरिया।** महाअष्टमी पर सोमवार को धनबाद कोयलांचल वासी मां दुर्गा की भक्ती में सराबोर दिखे। दिनभर जहां मां के भक्तों का पूजा पंड़ालों व मंदिरों में तांता लगा रहा। वहीं शाम होते ही पंडालों व प्रतिमा के दर्शन को लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। दिन में महागौरी की पूजा- अर्चना हुई। देवी के भक्तों ने पुष्पांजली कर मां की अराधना की व सुख, समृद्धी, आरोग्य और शांति की कामना की।आकर्षक पंडाल, भव्य मूर्तियां, मेला, विद्युत सज्जा एवं धार्मिक गीत-संगीत ने माहौल को भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया है। जिले के सभी दुर्गा मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सांसद पशुपतिनाथ (पीएन) सिंह, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, विधायक राज सिन्हा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता और झरिया विधायक सह सचेतक झारखंड सरकार पूर्णिमा नीरज सिंह ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों व विभिन्न पूजा पंडालों में जाकर मां दुर्गा की पूजा कर कोयलांचल वासियों के सुख शांति और समृद्धि की कामना की।

## परिवार की सुरक्षा के साथ मनायें दुर्गोत्सव : सांसद

सांसद पीएन सिंह इस दिन झरिया के चौथाई कुल्ही तिवारी मंदिर, फुलारीबाग, 4 नंबर टैक्सी स्टैंड, सब्जी पट्टी सहित आधा दर्जन से अधिक पूजा पंडालों में पहुंचे और मां की पूजा की। पूजा समितियों से व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान सांसद ने लोगों से अपील की कि दुगार्पूजा उत्सव जरूर मनाए, लेकिन भीड़ भाड़ में अपने परिवार और बच्चों की सुरक्षा का ध्यान जरूर रखें।

वहीं, धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल भी दर्जनों पूजा पंडालों में पहुंचे और मां दुर्गा से कोयलांचल सहित देश वासियों की कुशलता के लिए प्रार्थना की।

विधायक राज सिन्हा ने भी दर्जनों पूजा पंडालों में जाकर मां दुर्गा की आराधना करते हुए श्रद्धालुओं का हौसला बढ़ाया। कहा कि हमसभी ने पिछले दो वर्षो से महामारी का प्रकोप झेला है। लेकिन देश से कोरोना अब समाप्ति के कागार पर है। पर लोग अपने स्वास्थ्य का ख्याल जरूर रखे। उन्होंने धनबाद वासियों को दुगार्पूजा और विजयादशमी की बधाई व शुभकामना दी।

## विधायक ढुल्लू ने लिया मां दुर्गा से आशीर्वाद

बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने दुर्गा महाअष्टमी के अवसर पर अपने विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक पूजा पंडालों में जाकर मां दुर्गा की पूजा की। इस दौरान पूजा समिति के सदस्यों से व्यवस्था की जानकारी ली और बाघमारा की जनता को दुर्गोत्सव व विजयादशमी की बधाई एवं शुभकामना दी।

## झरिया पर सदा रहे मां दुर्गा का आशीर्वाद : पूर्णिमा सिंह

झरिया विधायक सह सचेतक (सतारूढ़ दल) पूर्णिमा नीरज सिंह ने दुर्गा महाअष्टमी पर झरिया के पुराने राजागढ़ स्थित दुर्गा मंदिर पहुंची। माता के समक्ष माथा टेक लोगों की कुशलता का आशीर्वाद मांगा। विधायक ने मंदिर समिति के सदस्यों से व्यवस्था से संबंधित पूरी जानकारी ली। कहा कि मां दुर्गा झरिया की समस्त जनता पर आशीर्वाद बनाए रखें, उन्हें हर परिस्थिति से लड़ने की शक्ति दे।

## सच्ची आराधना से मिलते हैं मन वांछित फल : अपर्णा

निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने दुर्गा महाअष्टमी पर क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंच माता के समक्ष मत्था टेका। उन्होंने निरसा वासियों सहित पूरे कोयलांचल की जनता के लिए आशीर्वाद मांगा। कहा कि मां दुर्गा शक्ति की रूप इनकी सच्ची आराधना करने वालों को मन वांछित फल प्राप्त होते हैं।

वहीं, भाजपा नेत्री रागिनी ने लोगों की सुख शांति की मंगल कामना की। महासप्तमी को कई पूजा पंडालों का उद्घाटन भी किया था। झरिया के चौथाई कुल्ही तिवारी मंदिर प्रांगण में बने भव्य काशी विश्वनाथ पंडाल का उद्घाटन किया। मां दुर्गा की आराधना की। तारापीठ से आए आचार्य विशु बाबा से आशीष लिया। इस दौरान उन्होंने जिलेवासियों सहित झरिया के लोगों की सुख शांति के लिए ड्ढी मंगल कामना की। वहीं, समाजसेवी सह वार्ड संख्या 44 के पार्षद प्रतिनिधि विक्रमा सिंह यादव ने दुर्गा महाअष्टमी के अवसर पर बकरीहाट पुराने राजगढ़ स्थित दुर्गा मंदिर में माता की पूजा अर्चना कर झरिया वासियों के लिए सुख शांति की मंगल कामना की। कहा माता दुर्गा महारानी अपने भक्तों का पूरा ध्यान रखती है।

# पूजा व प्रतिमा दर्शन को उमड़ी भारी भीड़




**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो कोयलांचल के विभिन्न स्थानों पर दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्र के अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं का मां दुर्गा के पंडालों में जाकर मां दुर्गा के मूर्ति का दर्शन करने का तांता लगा रहा। बेरमो में लगभग डेढ़ दर्जन स्थानों पर भव्य पंडालों में मां दुर्गा विराजमान हैं। जहां भव्य पंडालों में मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। महाअष्टमी को दोपहर के बाद बारिश होने के बावजूद पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। फुसरो, करगली गेट, करगली बाजार, नावाखाली दुर्गा मंदिर करगली बाजार, ढोरी स्टाफ क्वार्टर, सुभाष नगर, जवाहर नगर, रामनगर, सेंट्रल कॉलोनी, मकोली, कल्याणी, सुभाष नगर, जवाहर नगर, रामनगर, बेरमो सीम, तुपकाडीह आदि स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित है।

## बेरमो विधायक, पूर्व सांसद ने भी किये देवी के दर्शन

बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, बीएंडके जीएम एमके राव और फुसरो नगर के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह तथा तमाम लोगों ने पूजा पंडाल में जाकर माथा टेका एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। दूसरी ओर, बेरमो प्रशासन दुर्गा पूजा को लेकर कलश स्थापना से ही पूरी तरह से मुस्तैद है। प्रत्येक पंडाल में एक अधिकारी और दो कास्टेबल विधि व्यवस्था को कायम रखने के लिए मौजूद है। सभी पंडालों में उपद्रवियों पर नजर बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बेरमो थाना प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह ने फुसरो में भीड़ को नियंत्रण में रखने के लिए दो जगह कंट्रोल रूम भी बनाया गाय है। जिसमें एक पुराना बीडीओ ऑफिस और दूसरा बैंक मोड में है। थाना प्रभारी प्रत्येक पंडालों में खुद जाकर विधि व्यवस्था का जायजा लगातार लेते रहे। इस दौरान बेरमो पुलिस को भी सभी का सहयोग मिलता रहा। बेरमो थाना प्रभारी ने कहा कि लोगों के सहयोग से ही प्रशासन बेहतर कार्य कर पा रहा है।

## कुड़मि समुदाय ने मनाया दासांञ पर्व

**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कुड़मि जनजाति समेत सभी कृषक समुदायों की ओर से सोमवार को गुड़ी यानी चावल का चुनी को अपने-अपने खेतों में छिड़काव कर दासांञ पर्व मनाया गया। दासांञ पर्व छोटानागपुर पठार के अंतर्गत कुड़मि समुदाय समेत कृषक समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला विशेष पर्व है जो सदियों से मनाया जाता रहा है। प्रायः सभी कृषक वर्ग खास कर कुड़मी समुदाय में इस त्योहार का विशेष महत्व है। माना जाता है कि इस दिन तक बाइद खेत का धान गर्भ अवस्था में दूधभर जाता है। इस स्थिति में एक निश्चित दिन यानि आज के दिन जगाने की यह परंपरा को दासांञ कहा जाता है। आज के बाद से इस फसल को देखरेख करना जरूरी हो जाता है, क्योंकि इसकी देखरेख नहीं करने से अगर किसी कारण से कोई जीव द्वारा क्षति करते हैं तो यह दोबारा प्राप्त नहीं हो पाता है। आज के दिन शाम को घर का कोई भी सदस्य गुड़ी यानी चावल का चुनी लेकर खेत को जाते हैं और धान खेत को छिंटा देकर जगाने का काम करते हैं।

# महाअष्टमी पर श्रद्धालुओं ने की मां गौरी की पूजा, उमड़ा जनसैलाब

आजाद सिपाही संवाददाता




**गोमिया।** गोमिया व आसपास के क्षेत्र स्वांग कोलियरी, आइइएल, गोमिया बस्ती, हजारी बस्ती, होसिर व साड़म आदि में महाअष्टमी को सभी दुर्गा पूजा पंडालों में माता महागौरी की पूजा पूरे विधि विधान से की गई। मां का पूजन कर पुषपांजलि दी गई। वहीं स्वांग में पुष्पांजलि के समय लगभग पांच हजार श्रद्धालुओं की उपस्थिति देखी गई। इसबार कोरोना से थोड़ी राहत मिलने के कारण श्रद्धालुओं में अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। पुष्पांजलि के बाद महाष्टमी पर उपवास रखी महिलाओं ने कतारबद्ध होकर मां की पूजा व दर्शन किये। इसी तरह स्वांग पूजा पंडाल में महाष्टमी एवं महानवमी के संयोग पर संधि पूजा किया गया। माता को 108 कमल पुष्प एवं 108 दीपक का अर्पण किया गया। इस बार दूर्गा पूजा के दौरान बीच-बीच में बारिश होने के बावजूद के श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। वहीं मौसम का मिजाज बदलने से मेला में दुकान लगाये दुकानदारों में थोड़ी मायूसी जरूर दिखाई पड़ी। बताते चलें कि गोमिया के आइएएल दुर्गा मंडप, स्वांग कोलियरी दुर्गा मंडप में भव्य मेला का आयोजन किया गया है। वहीं गोमिया बस्ती के मध्य दुर्गा मंदिर व काली मंडप में विजयादशमी को मेला का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार आइइएल में विजयादशमी को रावण दहन का कार्यक्रम किया जाएगा। कई पूजा पंडालों में भजनकीर्तन व अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## गांधीनगर व डीवीसी बेरमो माइंस में भव्य मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित, दर्शन को उमड़े लोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**बौदकारो/बेरमो।** गांधीनगर बोकारो कोलियरी सेंट्रल पूजा और डीवीसी बेरमो माइंस में भव्य मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। सोमवार को महाअष्टमी पूजन के लिए पूजा पंडालों में भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में मत्था टेक आशीर्वाद लिया। गांधीनगर मां दुर्गा की पूजा के आयोजन कर्ता बोकारो कोलियरी परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी, वीरेंद्र कुमार सिंह, कवि सुनील कुमार सिंह, अशोक सिन्हा, अजीत अग्रवाल, सुनील सिंह, रघुवीर राय, अवधेश सिंह, उमेश राय, पीपी मुखर्जी, आनंद केसरी, नरेश डोगरा, विकास कुमार भदानी, संजय मोदी आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस के पूरे हुए 50 वर्ष



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस की स्थापना के 50 साल पूरे होने पर सोमवार को ब्लास्ट फर्नेस विभाग में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश रहे। इस दौरान सीइओ (बीपीएससीएल) केके ठाकुर, अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कुमार, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) एस रंगानी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) ए श्रीवास्तव, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (एसआरयु) पीके रथ, मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) एमपी सिंह, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, ब्लास्ट फर्नेस के अन्य वरीय अधिकारी आदि थे। अमरेन्दु प्रकाश ने केक काटकर ब्लास्ट फर्नेस समूह इस खास अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही ब्लास्ट फर्नेस परिसर में कर्मियों द्वारा निर्मित स्वर्ण जयंती स्मारक एवं ब्लास्ट फर्नेस के मिनीएचर का उद्घाटन किया। निदेशक प्रभारी ने ब्लास्ट फर्नेस के अधिकारियों एवं कर्मियों को इस ऐतिहासिक पल को यादगार बनाने के लिए इसी उत्साह और उमंग के साथ आगे भी नई ऊंचाइयों को छूने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि 50 वर्ष पूर्व 3 अक्टूबर 1972 को बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस की कमिशनिंग हुई थी। तब से लगातार बीएसएल की यह इकाई देश की सेवा में समर्पित है।

# दुर्गा पूजा से लिए बना कंट्रोल रूम

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** दुर्गा पूजा के लिए जिला नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। यह 24 घंटे काम करेगा। जिला नियंत्रण कक्ष में तीन शिफ्ट के लिए 18 दंडाधिकारियों व नौ पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। एक शिफ्ट में छह दंडाधिकारी व तीन पुलिस कर्मी मौजूद रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का नंबर 0326-2311217, 0326-2311807, 112 और 100 है। अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी जिला नियंत्रण कक्ष के प्रभारी रहेंगे। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नियंत्रण कक्ष को दी जा सकती है। कंट्रोल रूम में अग्निशमन दस्ता और क्यूआरटी की तैनाती की गई है। वहां अतिरिक्त पुलिस और अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर कंट्रोल रूम से पुलिस बल भेजा जाएगा। कंट्रोल रूम में वरीय प्रभारी के रूप में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नंदकिशोर गुप्ता की ड्यूटी लगाई गई है। एसडीओ प्रेमकुमार तिवारी को प्रभारी पदाधिकारी बनाए गए हैं। दुर्गा पूजा के लिए सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के बगैर पूर्व सूचना के मुख्यालय पर रोक लगा दी गई है।

### सिंदरी में 65 फीट का रावण

धनबाद जिले के सिंदरी में इसबार 65 फीट का रावण बनाया गया है। यहां भव्य तरीके से रावण दहन का कार्यक्रम होता है। इसबार रामलीला के कलाकार ही रावण, मेघनाथ और कुंभकरण का पुतला जलाएंगे। साथ ही धनबाद क्लब में 40 फीट ऊंचा रावण बनाया गया है। यहां धनबाद के डीसी की मौजूदगी में रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न होगा।

**धनबाद जिले को सात जोन में विभाजित कर की जा रही निगरानी**

# 300 दंडाधिकारी सभाल रहे दुर्गा पूजा में विधि-व्यवस्था

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** दुर्गा पूजा में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में इस बार 300 दंडाधिकारी और एक हजार से अधिक पुलिस अधिकारी व जवानों की तैनाती की गई है। जिला प्रशासन ने अपनी तरफ से पूरी तैयारियों का दावा किया है। विधि-व्यवस्था पर नजर रखने के लिए जिले को सात जोन में बांटा गया है। हर जोन में एक वरीय जोनल मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी तैनात किए गए हैं। एसपी संदीप कुमार और एसएसपी संजीव कुमार के हस्ताक्षर से संयुक्त जिला आदेश जारी कर दिया गया है। जिले के सभी 55 थाना व ओपी में भी पुलिस पदाधिकारियों के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके साथ-साथ सभी थाना में मोबाइल टीम मौजूद रहेगी।

### शहर की यातायात में व्यापक बदलाव

**दुर्गा पूजा के लिए शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में व्यापक बदलाव किया गया है। प्रमुख पूजा पंडालों तक दोपहिया वाहन सहित अन्य वाहनों प्रवेश पर रोक रहेगी। प्रायः पंडालों तक आधा किलोमीटर की पैदल दूरी तक करनी होगी। पूजा पंडालों के पहले ड्राप गेट भी बने हैं। शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक है। ट्रैफिक पुलिस में अतित्त बल मंगवाए गए हैं। सभी को दो दिनों की विशेष ट्रेनिंग दी गई है।**

## किस जोन में कौन हैं प्रभारी

कतरास जोन के लिए डीटीओ राजेश कुमार सिंह व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा निशा मुर्मू प्रभारी को प्रभारी बनाया गया है। धनबाद जोन के लिए राज्य कर पदाधिकारी सज्जन कुमार पांडेय व पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार सिन्हा प्रभारी बने हैं। चिरकुंडा जोन के लिए नगर प्रबंधक धनबाद नगर निगम प्रेम प्रकाश व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निरसा पीतांबर सिंह बनाए गए हैं। धनबाद जोन के लिए रामेश्वर सिंह कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद व अरविंद कुमार को वरीय प्रभारी पदाधिकारी बनाया गया है। डीएसपी को तोपचांची जोन के लिए वाणिज्य कर संयुक्त आयुक्त रीतेश कुमार और पुलिस निरीक्षक तोपचांची जयराम प्रसाद प्रभारी बने हैं। झरिया जोन में सहायक कृषि पदाधिकारी सूरजमल किंडो और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंदरी अभिषेक कुमार को प्रभारी बनाया गया है। गोविंदपुर जोन के लिए राज्य कर पदाधिकारी अक्षय कुमार और डीएसपी मुख्यालय (प्रथम) अमर कुमार पांडे को तैनात किया गया है। टुंडी जोन में उप नगर आयुक्त प्रकाश कुमार तथा अरविंद कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय (द्वितीय) प्रभारी पदाधिकारी बने हैं।

## इएसएल की सीएसआर टीम ने मनाया 'विश्व रेबीज दिवस'




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** इएसएल स्टील लिमिटेड की सीएसआर टीम ने सोमवार को 'विश्व रेबीज दिवस' के अवसर पर एंटी-रेबीज टीकाकरण अभियान का आयोजन किया। द एनिमल केयर ऑर्गनाइजेशन (टीएसीओ) की ओर से संचालित वेदांता समूह की पहल के हिस्से के रूप में, होप और एनिमल ट्रस्ट, रांची के सहयोग से बोकारो और आसपास के गांवों में इस अभियान का आयोजन किया गया। इस पहल को जिला पशुपालन विभाग का भी समर्थन मिला। इस अवसर पर 55 से अधिक आवारा कुत्तों को रेबीज के प्रभाव से बचाव के लिए टीका लगाया गया। इएसएल के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कर्मचारी स्वेच्छा से अभियान का समर्थन किया।

# एमसीएल ने कोल पीएसयू से डी एंड बी पुरस्कार जीता

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने नयी दिल्ली में आयोजित पीएसयू और गवर्नमेंट समिट 2022 में कोल (केंद्रीय पीएसयू) से प्रतिष्ठित डन एंड ब्रैडस्ट्रीट्स (डी एंड बी) पुरस्कार प्राप्त किया है।

भारतीय केंद्रीय और राज्य सार्वजनिक उपक्रमों के बीच अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए कोल (केंद्रीय पीएसयू) की श्रेणी में विजेता चुने गये।

ओपी सिंह, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एमसीएल ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन और कोयला उत्पादन और प्रेषण में वृद्धि दर्ज करने के लिए टीम एमसीएल को बधाई दी है। डन एंड ब्रैडस्ट्रीट बी2बी डेटा, इनसाइट्स और एनालिटिक्स का एक प्रमुख वैश्विक प्रदाता है और अपने प्रमुख प्रकाशन, 'इंडियाज टॉप पीएसयू 2022' के माध्यम से पीएसयू के विकास और योगदान को बारीकी से ट्रैक करता है।

# तिसरी दुर्गा मंडप में लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने लिया मां दुर्गा से आशीर्वाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**तिसरी।** पूर्व आइजी सह वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह सोमवार को सीएमआइ माइका कंपनी सार्वजनिक दुर्गा मंडप एवं गुमगी दुर्गामंडप पहुंच कर मां दुर्गा के दर्शन किये। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा से राजधनवार विधानसभा क्षेत्र समेत पूरे झारखंड के निवासियों की सुख शांति और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि इस साल लोग दुर्गा पूजा का आनंद उठा रहे हैं। बारिश के बाद भी लोगों में उत्साह है। उन्होंने कहा कि यहां कमेटी द्वारा भव्य पूजा पंडाल बना कर मां की खूबसूरत प्रतिमा स्थापित की गयी है। पूजा पंडाल की आकर्षक साजावट की गयी है। साथ ही वहां लोगों के आवागमन को लेकर अच्छी व्यवस्था की गयी है। इसके लिए उन्होंने तिसरी पूजा समिति को धन्यवाद दिया है। इस मौके पर तिसरी मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा, नरेश यादव हरीश साह आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नेत्रदान महादान की थीम पर बना पूजा पंडाल लोगों को कर रहा है आकर्षित

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल के अंदर की आंतरिक साज-सज्जा नेत्रदान महादान के थीम पर की गयी है। इसमें दिखाया गया है कि एक नेत्रहीन आदमी दुर्गा पूजा देखने के लिए निकला है, लेकिन वह पूजा की खुशी को देख नहीं पा रहा है। फिर भी स्पीकर से आ रही आवाज और स्पर्श से सब कुछ अनुभव करता है। वस्तुओं को छूकर समझता और इसके बारे में दूसरों को बताता भी है। बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ अजीत सहाय ने कहा कि नेत्रदान में मिली आंख से वह दंपति फिर से दुनिया देखने लगता है। साथ ही दूसरों को आंखें दान करने के लिए प्रेरित करता है। पंडाल के अंदर छत पर भी आंख बनी हुई है। एक व्यक्ति बना हुआ है, जिसकी दोनों आंखें हाथ से बंद की हुई है। बाहर में एक दृष्टिहीन व्यक्ति ब्रेल लिपि से पढ़-पढ़ कर पूजा के आयोजन को समझ रहा है। इसके अलावा कैसे एक दृष्टिहीन महिला मां की मूर्ति के विसर्जन के बाद कॉर्निया प्राप्त करती है और भगवती की कृपा से उस दृष्टिहीन को दृष्टि प्राप्त हो जाती है। इस थीम को पेंटिंग से बहुत अच्छा उकेरा गया है।

कश्यप मेमोरियल आइ बैंक की मेडिकल डायरेक्टर डॉ भारती कश्यप ने बताया कि पंडाल के अंदर और बाहर में नेत्रदान की थीम लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने बताया कि सोमवार को सैकड़ों लोगों ने नेत्रदान का शपथ पत्र भरा। नेत्रदान महादान सेल्फी प्वाइंट पर युवाओं की भारी भीड़ लग रही है।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**